चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 145, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 23 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मेरा सम्मान 140 करोड़ भारतीयों का सम्मानः मोदी

### वाईट हाउस में पीएम मोदी का हुआ भव्य स्वागत; कहा- हम सर्वजन सुखाय और सर्वजन हिताय पर भरोसा करते हैं, वंदे मातरम, भारत माता की जय और मोदी-मोदी के गगनभेदी नारे लगते रहे



**वाशिंगटनः** अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान पीएम मोदी व्हाइट हाउस पहुंच चुके हैं। यहां उनका भव्य स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री मोदी को 21 तोपों की सलामी दी गई। स्वागत समारोह में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और सेकेंड जेंटलमैन डगलस एमहॉफ भी मौजूद थे। व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में हुए समारोह के दौरान कई हजार भारतीय अमेरिकी देश के अलग-अलग हिस्सों से मोदी की एक झलक पाने पहुंचे थे। इस दौरान वंदे मातरम, भारत माता की जय और मोदी-मोदी के गगनभेदी नारे लगते रहे। यहां पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडन का भव्य स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उमंग और उत्साह से भरे हुए भारतीय और अमेरिकी, मेरे प्यारे साथियों आप सबको नमस्कार... सबसे पहले मैं राष्ट्रपति बाइडन के मित्रतापूर्ण स्वागत और दीर्घ दृष्टिपूर्ण संबोधन के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं।

बता दें कि अमेरिका की राजकीय यात्रा पर होने के कारण उन्हें व्हाइट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। राष्ट्रपति जो बाइडन खुद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर के लिए ले गए जहां दोनों देशों के राष्ट्रगान की धुन भी बजाई गई। यहां अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एक प्रकार से यह भारत के 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान है, उनका गौरव है। यह सम्मान अमेरिका में रहने वाले चार मिलियन से अधिक भारतीय मूल के लोगों का भी सम्मान है- इस सम्मान के लिए मैं राष्ट्रपति बाइडन और जिल बाइडन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

**पहली बार व्हाइट हाउस बाहर से देखा थाः**पीएम मोदी ने कहा कि दोस्तों तीन दशक पहले एक साधारण नागरिक के रूप में मैं अमेरिका यात्रा पर आया था। उस समय मैंने व्हाइट हाउस को बाहर से देखा था।

पीएम बनने के बाद मैं स्वयं यहां कई बार आया। पर इतनी बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों के लिए पहली बार व्हाइट हाउस के द्वार खोले गए हैं।


**हम सर्वजन सुखाय और सर्वजन हिताय पर भरोसा करते हैंः** पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अपनी प्रतिभा, क्षमता और निष्ठा से अपनी शान बढ़ा रहे हैं। आप सब हमारे संबंधों की असली ताकत हैं। आज आपको दिए गए सम्मान के लिए राष्ट्रपति बाइडन और डॉ बाइडन का हृदय से धन्यवाद करता हूं। उनका जितना धन्यवाद करूं कम है। दोनों देश अपनी विविधता पर गर्व करते हैं। हम सर्वजन सुखाय और सर्वजन हिताय पर भरोसा करते हैं।




पीएम मोदी ने कहा कि कोरोनाकाल के बाद दुनिया एक नया रूप ले रही है। इस काल में भारत और अमेरिका पूरे विश्व के सामर्थ्य को बढ़ाने में सक्षम होगी। दोनों देश साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रपति बाइडन और मैं भारत अमेरिका संबंधों और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से बात करेंगे। मुझे विश्वास है कि आज की हमारी बातचीत हमेशा की तरह सकारात्मक और उपयोगी रहेगी। मुझे यहां संसद में दूसरी बार बोलने का मौका मिलेगा इस सम्मान के लिए मैं बहुत आभारी हूं। भारत का तिरंगा और अमेरिका का झंडा (द स्टार्स एंड स्ट्राइप्स) हमेशा नई ऊंचाइयां छूते रहे। जय हिंद, गॉड ब्लेस अमेरिका।

**आपकी मेजबानी करके सम्मानित हूं : बाइडन**

इस मौके पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी को लेकर कहा कि आपका व्हाइट हाउस में स्वागत है। राजकीय यात्रा पर आपकी मेजबानी करने वाला पहला व्यक्ति बनकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। अमेरिका और भारत के संबंध 21वीं सदी में सबसे निर्णायक रिश्तों में से एक हैं।



## भारत में ही बनेंगे हमारे लड़ाकू विमानों के इंजन

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका दौरे के बीच लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए भारत में प्लांट लगाने की डील फाइनल हो गई है। अब अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस के सहयोग से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भारत में ही लड़ाकू विमानों के लिए जीई-एफ 414 इंजन बनाएगा, जिससे भारत के फाइटर जेट्स को आधुनिक इंजन मिल जाएंगे।



अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ बैठक के दौरान भारत को जेट इंजन निर्माण तकनीक हस्तांतरित करने के इस ऐतिहासिक रक्षा सौदे की घोषणा होने की संभावना है। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने आज घोषणा की कि उसने भारतीय वायु सेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के बीच दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने में बड़ा मील का पत्थर है।

## माइक्रोन गुजरात में लगाएगी 2.75 अरब डॉलर का सेमीकंडक्टर संयंत्र

**नई दिल्ली।** कंप्यूटर चिप बनाने वाली कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने बड़ा ऐलान किया है। अमेरिकी चिप कंपनी माइक्रोन ने कहा कि गुजरात में अपना सेमीकंडक्टर असेंबली एवं परीक्षण संयंत्र लगाएगी। इस पर कुल 2.75 अरब डॉलर (22,540 करोड़ रुपये) का निवेश होगा। माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि कंपनी गुजरात में सेमीकंडक्टर असेंबली एवं परीक्षण संयंत्र लगाएगी। कंपनी ने कहा कि दो चरणों में विकसित किए जाने वाले इस संयंत्र पर वह अपनी ओर से 82.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी जबकि बाकी राशि का निवेश केंद्र एवं राज्य सरकारों की तरफ से किया जाएगा। अमेरिकी कंपनी ने बताया कि भारत सरकार की संवर्द्धित असेंबली, परीक्षण, मार्किंग एवं पैकेजिंग (एटीएमपी) योजना के तहत इस संयंत्र को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार परियोजना की कुल लागत के 50 फीसदी हिस्से का वित्तीय समर्थन देगी जबकि 20 प्रतिशत राशि गुजरात सरकार की तरफ से दी जाएगी। माइक्रोन के मुताबिक ह्यगुजरात में इस असेंबली एवं परीक्षण संयंत्र का चरणबद्ध निर्माण इसी साल 2023 में शुरू होने की उम्मीद है। पहले चरण में पांच लाख वर्ग फुट क्षेत्र विकसित किया जाएगा और साल 2024 के अंत तक इसका परिचालन शुरू हो जाएगा। इस संयंत्र की स्थापना से करीब 5 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार का अवसर मिलेगा जबकि 15 हजार लोगों को अगले कई साल तक परोक्ष रोजगार मिलता रहेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका के राजकीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री इस दौरान वाशिंगटन डीसी में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजय मेहरोत्रा से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए अमेरिकी चिप कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी को भारत में आने का न्योता दिया।

## अध्यादेश के विरोध का समर्थन करे कांग्रेसः आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने धमकी दी है कि केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस का समर्थन नहीं मिलने की स्थिति में वे विपक्षी एकता के लिए शुक्रवार को पटना में होने जा रही बैठक का बहिष्कार करेगी। आआपा सूत्रों ने कहा है कि दिल्ली के संदर्भ में केंद्र सरकार के अध्यादेश के मुद्दे पर कांग्रेस को हमारा समर्थन करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम विपक्षी बैठक का बहिष्कार करेंगे और भविष्य में होने वाली विपक्षी बैठकों से दूर रहेंगे। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पिछले महीने एक अध्यादेश लाई थी। इसमें दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक समिति का प्रस्ताव है। उप राज्यपाल के पास इस संबंध में निर्णय लेने का अंतिम अधिकार होगा।



मुख्यमंत्री इस अध्यादेश के खिलाफ देशभर के विपक्षी नेताओं से मिल रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी से मिलने का भी अनुरोध किया था। मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आशा व्यक्त की थी कि कांग्रेस इस मुद्दे पर अपना मंतव्य शुक्रवार तक स्पष्ट कर देगी। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने मुख्यमंत्री केजरीवाल पर सौदेबाजी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी विपक्षी एकता की बैठक में जरूरत नहीं है। केजरीवाल विपक्ष की एकजुटता नहीं चाहते और बहाने ढूंढ रहे थे कि कैसे बैठक से अलग हो जाया जाए।

## ...और ऐसे हुई गरीब बेटियों की वीआईपी शादी

### सीएम योगी ने दिया आशीर्वाद, फिल्म सुपरस्टार रविकिशन ने गाया गाना

**गोरखपुर।** इन गरीब बेटियों के पाल्यों ने शायद कभी यह कल्पना नहीं की थी कि उनकी बिटिया की शादी इतने वीआईपी अंदाज में होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आशीर्वाद देने खुद आएंगे और भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार, सांसद रविकिशन मंगलगीत गाएंगे। पर, सीएम योगी की पहल, उनकी संवेदनशीलता और आत्मीयता से गरीब बेटियों व उनके पाल्यों के लिए अकल्पनीय यह नजारा हकीकत में नजर आया।

गरीब परिवारों का कल्याण और उनकी खुशी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए निजी दिलचस्पी का विषय होता है। गुरुवार को चंपा देवी पार्क मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उनकी आत्मीयता पूर्ण मौजूदगी 1500 वधू और 1500 वर पक्ष के लोगों को अभिभूत करने वाली थी। इन लोगों के लिए यह क्षण इसलिए भी अभूतपूर्व था कि उनके घर वैवाहिक कार्यक्रम में शायद ही कोई वीआईपी पहुंचता। पर, यहां तो मुख्यमंत्री खुद आए थे। आशीर्वाद देने, शगुन किट गिफ्ट देने। और, उनके साथ मेयर, एमपी, एमएलए, एमएलसी भी, यानी करीब दर्जन भर जनप्रतिनिधि भी गरीबों की खुशियों का साक्षी बनने।



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की मौजूदगी तो खास थी ही, माहौल में उस वक्त उमंग का रंग और चढ़ गया जब भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार और सांसद रविकिशन ने मंगलगीत गाने के लिए खुद माइक थाम लिया। रविकिशन ने पीली पगड़िया वाला बन्ना, पीयर सरसो, बन्नी के भैया जैसे गीतों से माहौल को मंगल और मस्ती के संगम पर पहुंचा दिया। इस दौरान जब उन्होंने अलहदा अंदाज में संगीतकार से ढोलक पर ठेका देने और लोक गायक राकेश उपाध्याय से संगत देने को कहा तो मुख्यमंत्री भी हंसने लगे। इस बीच रविकिशन ने विधायक राजेश त्रिपाठी को भी माइक तक गाने के लिए खींच लिया था। रविकिशन ने बीच में लोगों को यह भी सुनाया कि महाराज जी ने उनसे मंगलगीत गाने को कहा है। यह सुन, सीएम मुस्कुराने लगे।

## मोटो जीपी रेसिंग प्रतियोगिता 'ब्रांड यूपी' को बनाएगा मजबूत : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत की मेजबानी में पहली बार आयोजित होने जा रही विश्व की सबसे तेज मोटर बाइक रेस 'मोटो जीपी' 2023 के पहले रेस के पहले टिकट का मंगलवार को अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोटो जीपी विश्व की सबसे बड़ी, सबसे तेज और पुरानी बाइक रेसिंग प्रतियोगिता है। पहली बार भारत की मेजबानी में उत्तर प्रदेश में बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट, ग्रेटर नोएडा में 22 सितम्बर से 24 सितम्बर 2023 तक हो रहे 'मोटो जीपी' का आयोजन गर्व और हर्ष का विषय है। निश्चित तौर पर यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित आयोजन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया भर के युवाओं के बीच रोमांच से भरे इस ग्लोबल इवेंट को लेकर उत्सुकता रहती है। यह दुनिया का पांचवां सबसे ज्यादा देखा जाने वाला इवेंट है। अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर इसके लगभग 350 करोड़ बार वीडियो देखे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मोटो जीपी भारत' रेसिंग प्रतियोगिता का सफल संचालन वैश्विक स्तर पर 'ब्रांड उत्तर प्रदेश' को मजबूती से स्थापित करेगा। साथ ही, इस वर्ष यूरोप के बाहर पहली बार उत्तर प्रदेश में 'मोटो ई-रेस' का भी आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता प्रदेश की सफलता की गाथा में एक नया अध्याय जोड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पिछली सरकारों के असहयोग और उदासीनता के कारण उत्तर प्रदेश में लायी गयी 'फॉर्मूला वन रेस' को मात्र एक बार आयोजित कराकर बन्द कर दिया गया था। यही कारण है कि इस रेस के आयोजक सीईओ कामेलो जब गत वर्ष मुझसे मिले थे, तब वे वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश में इस रेस के आयोजन को लेकर सशंकित थे।



## पिछले 9 वर्षों में 1.25 करोड़ को मिला रोजगार : भूपेन्द्र यादव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव ने गुरुवार को मंत्रालय द्वारा किए गए कई संस्थान-आधारित श्रम सर्वेक्षणों का जिक्र करते हुए कहा कि देश में पिछले नौ वर्षों में रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से लगभग 1.25 करोड़ नई नौकरियां पैदा हुई हैं। यादव ने कहा कि 2014 से 2022 की अवधि में रोजगार में भारी बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव आज नई दिल्ली में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की 9 वर्षों की उपलब्धियों पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश अब बदल रहा है, सुधार कर रहा है, श्रम कानूनों को सरल बना रहा है।




## 2024 में भी मोदी ही होंगे प्रधानमंत्री : केशव मौर्य

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को विरोधी दलों पर जमकर निशाना साधा। विरोधी दलों की एकजुटता पर तंज कसते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भानुमति का कुनबा जुड़ने वाला नहीं है। जीतन राम मांझी एनडीए के सदस्य होने जा रहे हैं तो राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पटना जाने से ही मना कर दिया है। तेलंगाना के सीएम भी वहां जा नहीं रहे हैं,अभी देखिए, आगे क्या-क्या होता है। एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी आए उप मुख्यमंत्री मीडिया से रूबरू थे।

## श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण की ताजा तस्वीरें की गयीं जारी

**अयोध्या।** श्रीरामजन्म भूमि में मंदिर निर्माण बहुत तेजी के साथ हो रहा है। गर्भ गृह के उद्घाटन की तारीख 15 से 25 जनवरी 2024 होने के बाद निर्माण कार्य में दोगुनी तेजी आ गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को मंदिर के काम की तस्वीरें जारी की हैं। राम मंदिर के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ट्रस्ट की ओर से समय-समय पर दी जाती है। चंपत राय ने बताया है कि ग्राउंड फ्लोर तैयार होने के बाद मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। दिसम्बर तक मंदिर को अंतिम रूप दिया जाएगा। रामलला की प्रतिमा 51 इंच होगी। कर्नाटक के मैसूर से आए दो पत्थरों से प्रतिमा बनाई जा रही है। रामलला की एक अन्य मूर्ति राजस्थान के मकराना मार्बल से बनाई जा रही है। मूर्तिकार अरुण योगीराज अपनी पसंद का पत्थर कर्नाटक से लेकर आए हैं। राम मंदिर में दो पत्थरों को आपस में जोड़ने के लिए तांबे की पत्ती का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंदिर में फसाद लाइट भी लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के लिए रामलला की 03 मूर्तियों का निर्माण शुरू हो गया है। सिर पर मुकुट, हाथ में धनुष-बाण लिए रामलला की मूर्तियां बनाई जा रही हैं। इनके लिए कर्नाटक की 02 श्याम शिला और राजस्थान के श्वेत संगमरमर का इस्तेमाल हो रहा है। हालांकि अभी यह निश्चित नहीं है कि इनमें से कौन-सी मूर्ति गर्भगृह के लिए चुनी जाएगी। उल्लेखनीय है कि तैयारी के हिसाब से श्रीराम जन्मभूमि परिसर में निमार्णाधीन राम मंदिर जनवरी, 2024 में खुल जाएगा। 24 जनवरी से भव्य गर्भगृह में भक्तों को रामलला के दर्शन मिलने लगेंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मकर संक्रांति से शुरू होगा। भव्य गर्भगृह में रामलला को विराजित करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या आएंगे।



## भरण पोषण की दूसरी याचिका बदली परिस्थितियों में कायम रखने योग्य : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण-पोषण की मांग करने वाली दूसरी याचिका पहली याचिका खारिज होने के बावजूद कायम रखी जा सकती है। बशर्ते, परिस्थितियों में बदलाव हो तो दावेदार इस प्रावधान के तहत हकदार हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि यदि भरण-पोषण के लिए याचिका दाखिल करने का अधिकार समाप्त कर दिया जाता है तो यह सीआरपीसी की धारा 125 के मूल उद्देश्य को भी समाप्त कर देगा। यह आदेश न्यायमूर्ति ज्योत्सना शर्मा ने श्याम बहादुर सिंह की याचिका को खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि जहां एक व्यक्ति कुछ समय के लिए अपना भरण-पोषण करने में सक्षम है लेकिन उसके बाद बदली हुई परिस्थितियों के कारण अपने संसाधनों को खो देता है तो ऐसे में भरण-पोषण का दावा करने का एक नया अधिकार मिल सकता है।



## खबर संक्षेप

### 50 हजार रंगदारी न मिलने पर बाउंड्री गिराई

**मऊआइमा।** भूमिधरी जमीन पर निर्माण करा रहे युवक को तमंचा लहराते हुए कतिपय दबंग आ कर पचास हजार रुपये की मांग की मांग न पूरी होने पर बाउंड्री गिरा कर निर्माण सामग्री चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी की तहरीर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाही निवासी मोहम्मद रुखसार पुत्र अबनैन की माता सजिदा के नाम से भूमिधरी जमीन ग्राम नेवादा गनेशगंज में है। गत 17 जून को रुकसार अपनी माता की जमीन पर निर्माण कर रहा था।आरोप है कि गांव के कतिपय दबंग एंव अपराधी प्रवृत्ति के लोग हाथों में तमंचा लेकर रुखसार से पचास हजार मकान निर्माण का गुंडा टैक्स मांगे। न देने पर मार डालने की धमकी देने लगे। रुखसार जान बचा कर घर आ गया था। बताया गया है कि रात के समय पन्द्रह बोरी सीमेंट ,डेढ कुंतल सरिया, तशला ,फावडा, मिस्त्री का सामान आदि कतिय गुंडे चोरी कर ले गए। तथा बाउंड्री गिरा दिए। रुखसार ने 18 जून को थाने में नामजद तहरीर दी थी। जिसपर पुलिस ने हसीन और गुफरान तथा सात आठ उनके मेली मददगारी नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पुलिस ने दर्ज कर लिया है। रूखसार का आरोप है कि रामनगरगंसियारी के सूर्यांश जो सचिवालय में रहता है वह भी घटना में शामिल था। उसके साथ अन्य भी थे। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# संदिग्ध दशा में विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

## मिजार्पुर-प्रयागराज मार्ग पर शव रखकर किया चक्काजाम





अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मांडा थाना क्षेत्र के उमान गांव में बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता कल्पना (22) पत्नी उमाशंकर यादव पुत्री सुरेश यादव निवासी कुकुरकटवा, मेजा की मौत हो गई। ससुरालियों ने फांसी लगाकर आत्महत्या की बात कही और मायके सूचना देते हुए शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए निकल दिए। वहीं मौके पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या की आशंका जताते हुए हंगामा किया और मांडा पुलिस को सूचना दी। मांडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं गुरुवार को दोपहर पोस्टमार्टम के बाद बाद मेजा के कुकुरकटवा गांव निवासी मायके वाले व मृतका के कठौली गांव निवासी ननिहाल वालों ने शव को मेजा थाना क्षेत्र के कठौली गांव के समीप मिजार्पुर-प्रयागराज मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। नाराज परिजनों ने पुलिस उच्चाधिकारियों को बुलाकर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।

### कुल्हाड़ी से महिला को लहुलुहान करने वाले तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

जारी। कौंधियारा थाना क्षेत्र के गोठी गांव में घर में अकेली मौजूद महिला किरण पाण्डेय को कहासुनी के विवाद को लेकर पड़ोस के ही शिवाजी पाण्डेय, प्रकाश पाण्डेय उर्फ तन्नू व गायत्री देवी ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए कुल्हाड़ी व लात घूंसो से मार पीटकर लहुलुहान कर दिया शोरसुनकर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर पीड़िता की जान बचाई उपरोक्त हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पीड़िता ने उक्त घटना की शिकायत थाना कौंधियारा में लिखित शिकायत किया जिसके बाद कार्यवाहक प्रभारी थानाध्यक्ष नवीन सिंह ने पीड़िता का मुकदमा दर्ज करते हुए मेडिकल के लिए सीएचसी कौंधियारा भेंज दिया।

### पत्रकार को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज

**मेजा।** मेजा के पत्रकार राजेश विश्वकर्मा को खबर प्रकाशित करने पर दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी है।पीड़ित पत्रकार ने प्रभारी निरीक्षक मेजा को तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।दरअसल मामला मेजा थाना क्षेत्र के डेलौहा गांव की है। उसी गांव के राजेश विश्वकर्मा एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र का संवाददाता है।पत्रकार राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि उसने गांव के ही प्रेमशंकर और रंगबहादुर के बीच में जमीनी विवाद चल रहा था। उसी विवाद को सत्यता से अपने सम्मानित अखबार अमृत प्रभात में प्रमुखता से प्रकाशित किया था।जिससे खुन्नस खाए एक पक्ष के रंग बहादुर,राम बहादुर और राम रक्षा लाठी डंडे से लैस बुधवार को शाम लगभग 6 बजे उसके दरवाजे पर पहुंच कर गली गलौज करने लगे और कहा कि कितने बड़े पत्रकार हो गए हो। मेजा तहसील जाते हो गोली मरवा दूंगा।दबंगों ने पत्रकार को जान से मारने की धमकी देते हुए सुधर जाने के लिए कहा।पत्रकार ने बताया कि उक्त लोग दबंग किस्म के व्यक्ति हैं। डरा सहमा पत्रकार मेजा थाने में तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। हला कि पत्रकार के प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक मेजा राजेश उपाध्याय ने केश दर्ज कराकर का कार्यवाही करने का आश्वाशन दिया है।

## न्यूज झरोखा

### जसरा में जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर बनाए जाने पर अनिल मिश्र को दी गई बधाई




**जसरा।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति जसरा में बुधवार को एक बैठक पूर्व प्रधानाचार्य विश्वेश्वर नाथ मिश्र की अध्यक्षता में करके जिला सहकारी बैंक प्रयागराज का अनिल कुमार मिश्र को निर्विरोध डायरेक्टर निर्वाचित किये जाने अभिनंदनपर किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विश्वेश्वर नाथ मिश्रा ने कहा कि अनिल मिश्रा द्वारा किसानों के हित के लिए बारा एवं कोरांव क्षेत्र में जितनी भी समितियां हैं उनको सक्रिय करवाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही साथ ऋण सीमा में वृद्धि की जाएगी। किसानों को बैंक के द्वारा जो सहायता की राशि दी जाती है उसे जल्दी से जल्दी किसानों को प्राप्त हो इसका भरपूर प्रयास किया जाएगा। सांसद रीता बहुगुणा जोशी एवं जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन शिव मोहन मौर्या व वी के सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अभिनंदन समारोह में प्रमुख रूप से रतन केसरवानी, विनोद त्रिपाठी पूर्वप्रधान, कौशलेंद्र सिंह प्रधान,बंशराज सिंह उपाध्यक्ष, अश्विनी द्विवेदी, संजीव कुशवाहा, ज्ञानेन्द्र पाठक,तारा प्रसाद कुशवाहा, रामानंद त्रिपाठी, जगदंबा पाठक , दीप नारायण मिश्रा, राजमणि पटेल, भोला नाथ यादव,समिति के सचिव विजय यादव, राकेश तिवारी, अमरजीत कुशवाहा ,गंगा प्रसाद आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले में 157 अभ्यथिंयों का हुआ चयन




**नैनी।** नैनी क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में मुख्य अतिथि मा0 सांसद रीता बहुगुणा जोशी द्वारा बेरोजगार नवयुवको के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी एवं सेवायोजन कार्यालय के सार्थक प्रयास को सराहा गया। इस कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी चन्द्रकान्त सिंह सहा0जि0रो0स0 अधिकारी, जे0पी0 पासवान, प्रशांत, पंकज सिंह, गुलाब चन्द्र मौर्य अजीत कुमार यादव एवं मानवेन्द्र सिंह एवं सेवायोजन कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। मेले में कैरियर काउंसलिग विश्व मोहन द्विवेदी द्वारा की गयी कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की कम्पनियां कैरियर ब्रीज स्किल साल्यूशन द्वारा 12, गोल्डेन फार्मर आर्गेनिक एग्रीकल्चर प्रा0लि0 द्वारा 03, कल्यानी सोलर पावर द्वारा 34, जी0 4 एस0 सिक्योरिटी साल्यूशन इण्डिया प्रा0लि0 द्वारा 14, हर्बल लाइफ केयर ग्रुप ऑफ मैनेजमेंट द्वारा 12, रोपेन ट्रांस्पोर्टेशन सर्विस(रैपीडो) द्वारा 05, पिंच सेक्योरिटी सर्विस एल0एल0पी0 द्वारा 09, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 द्वारा 18, डिजर्ब कैरियर केयर प्रा0लि0 द्वारा 15 एवं डस्की स्टैलियन कन्सल्टेंसी सर्विस प्रा0लि0 द्वारा 35 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। उक्त मेले में कुल 157 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 361 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

### बोलेरो के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार, खुरचकर मिटाया गया इंजन व चेचिस नंबर



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक मॉडिफाइड बोलेरो बरामद हुई है। बोलेरो का कोई पंजीकरण नंबर नहीं है। इसके अलावा उसका इंजन व चेचिस नंबर भी खुरचकर मिटाया गया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों शातिर चोरों के खिलाफ धारा 411, 467, 468 के तहत केस दर्ज कर चालान भेज दिया है। एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सब इंस्पेक्टर अमरेंद्र सिंह व प्रवेश कुमार यादव ने अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए मनोज सिंह उर्फ समरजीत सिंह पुत्र महेश सिंह (निवासी बड़गडी, शंकरगढ) और मोहम्मद जावेद पुत्र स्व. दोस्त मोहम्मद (निवासी मुरका, बरगढ़, चित्रकूट) के कब्जे से एक बोलेरो बरामद हुई है। जिसका मूल आकार बदल दिया गया है। बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के बरामद हुई बोलेरो का इंजन व चेचिस नंबर मिटाकर पहचान मिटाने की कोशिश की गई। इस मामले में आवश्यक विधिक कार्यवाही कीजा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल शशिकांत यदव और दीप कुमार भी शामिल रहे।

### चोरों ने सेंध लगाकर आभूषण सहित नगदी किए पार



**घूरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बिरवल गांव में बुधवार की रात दशरथ लाल पुत्र मुन्नी लाल के घर के पीछे दीवार में सेंध लगाकर घर के अंदर घुस चोरों ने रखे दो बड़े बाक्स और दो छोटे बाक्स उठा ले गए। गुरूवार की सुबह परिजन सो कर उठ कमरे के अंदर घुसे तो पीछे सेंध और बिखरा सामान देख पैरों तले जमीन खिसक गई। घर से पांच सौ मीटर दूर खेत में एक छोटा बाक्स खुला मिला जिसमे रखे सामान बिखरा था। पीड़ित ने थाने में शिकायती पत्र दिया। जिसमे बताया गया कि एक बॉक्स में एक लाख अस्सी हजार नगदी रखी थी। और दूसरे बॉक्स में बहुओं की दो लाख कीमत की आभूषण थी जिसे चोर उठा के गए। शिकायती पत्र मिलने के बाद पहुंची पुलिस मामले में जॉच पड़ताल की। पीड़ित ने बताया कि परिवार में विवाह होनी वाली है। जिसमे घर की महिलाएं गाने बजाने पहुंची थीं।

### सक्रियता से तस्करों की चंगुल से मवेशी हुए आजाद



**सहसों।** तस्करों के चगुल से एवं क्षेत्रीय समाज सेवियों के सक्रियता भरे प्रयास से तस्करी हेतु गोवंश मवेशियों की जान जोखिम में पड़ते हुए भी आजाद करा लिए गए। सराय इनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत चकिया घरहरा गांव सभा के मौजा घरहरा में बुधवार की रात गौ तस्कर लगभग आधा दर्जन गाय व गोवंशों को बाँधकर रात होने का इंतजार कर रहे थे। जिससे रात के अंधेरे में वाहन से मवेशियों को लादकर तस्करी के लिये भेजा जा सके। जानकारी के अनुसार मामले की भनक गांव के ही प्रधान संघ के मंडल उपाध्यक्ष क्रांतिगुरु गणेश वल्लभ द्विवेदी और समाज सेवी कृष्ण वल्लभ द्विवेदी को हुई। सक्रियता दिखाते हुए रात में ही दोनों लोग अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच कर तस्करों को ललकारते हुए स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस और स्थानीय लोगों को इकट्ठा होते देख पशु तस्कर हिम्मत छोड़कर फरार हो गये। सहसों पुलिस की मदद से बंधक बनाए गए मवेशियों को महरौड़ा गाँव स्थित गौशाले में सुरक्षित पहुंचाया गया। सहसों पुलिस चौकी प्रभारी दयाराम ने बताया कि पांच की संख्या में गोवंश बाग में बंधे हुए थे। सूचना पर पहुंचकर सभी को गोवंश आश्रय स्थल में सकुशल पहुंचा दिया गया है।

### तराव में जर्जर नंगी पुलिया से खतरा,नागरिकों में रोष



**कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव से लगा ग्राम तराव में स्थित छोटका पूरा केवटान में आने जाने के लिए काफी पुरानी नहर पर बनी नंगी पुलिया किसी भी समय ढह सकती है जिससे हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन और ब्लॉक अधिकारियों से मांग की है कि उक्त पुलिया का नव निर्माण करा कर आवागमन सुरक्षित और सुगम बनाया जाए अन्यथा कोई घटना किसी भी समय घटित हो सकती है और लोगों का आवागमन ठप हो सकता है।

## अतीक के गुर्गों की पहुंच गांवों तक,प्रधान पति के साथ की लूटपाट, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** अतीक गैग के कथित गुर्गे द्वारा एक प्रधान पति के साथ मारपीट कर सरकारी दस्तावेज व नकदी तथा जेवरात लूट लिए जाने का मामला प्रकाश मे आया है भुक्तभोगी ग्राम प्रधान पति अरसद खा ने मगलवार को थाना मेजा मे लिखित तहरीर देकर एफ आई आर दर्ज किये जाने की गुहार लगायी है मामला मेजा थाना क्षेत्र के जरार गांव का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास खण्ड मेजा अंतर्गत आने वाले उक्त गांव के वर्तमान प्रधान पति अरसद खां पुत्र गफ्फार खां ने मेजा थाने मे दी गई लिखित तहरीर में इस बात का स्पष्ट उल्लेख करते हुए लिखा है कि बीते मगलवार को वह मेजा ब्लाक मुख्यालय से काम काज करने के पश्चात दोपहर करीब दो बजे के लगभग अपने घर मेजा नहर के रास्ते से जा रहे थे जैसे ही प्रधान पति सुनसान स्थान पर पहुंचे पूर्व से घात लगाए बैठे अतीक गैग का कथित गुर्गा स्वालेह ऊर्फ मज्जू खां पुत्र शाह मोहम्मद व तीन अज्ञात उन्हें रोकर हाथा पाई एवं मारपीट किया कनपटी पर देशी कट्टा सटाकर सरकारी दस्तावेज व गले पहनी हुई सोने की चैन तीस हजार रुपया लूट लिया इतना ही नहीं प्रधान पति ने इस बात का भी जिक्र करते हुए तहरीर मे लिखा है कि लूट पाट करने वाला गुर्गा व उसके साथियो ने उनकी मोटरसाइकिल को धक्का देकर गिरा दिया और तोड फोड भी किया । प्रकरण के बाबत भुक्तभोगी प्रधान पति अरसद खां की बातो को सच माना जाय तो उनके अनुसार लूट पाट की घटना को अंजाम देने वाले लोगो का अपराधिक इतिहास है तथा उनका ताल्लुक अतीक गैग से है प्रधान पति का यह भी आरोप है कि लूट पाट करने वाले अपराधियो ने धमकी भी दिया है कि यदि वह किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही करते हैं तो उनकी गोली मारकर हत्या कर दी जाएंगी। बताया जाता है कि अतीक गैग का गुर्गा स्वालेह ऊर्फ मज्जू खां का लूट पाट करने का एक बड़ा नाजायज गिरोह है कि जिसका मुख्य सरगना स्वम मज्जू है कि सरे आम दिन दहाड़े हुई लूट पाट की घटना से डरे सहमे प्रधान पति ने मेजा थाने में तहरीर देकर जान मॉल की सुरक्षा के साथ आरोपियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज किये जानें की गुहार लगा चुका है।

### बेटी को लेकर पत्नी हुई गायब पति ने दिया प्रार्थना पत्र

**जारी।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव की महिला अर्चना अपनी देढ़ वर्ष की पुत्री को साथ में लेकर एक सप्ताह पहले घर में बिना किसी को बताए दोपहर में पति विकास को सोते समय कहीं चली गई जिसके बाद पति ने आसपास और परिचितों के यहां खोजबीन करने के बाद जब पत्नी और बेटी का कहीं भी पता नहीं चला तो पति विकास ने थाना कौंधियारा में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए अपनी पत्नी व बेटी शिखा की गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन की मांग की है।

### रहस्यमय ढंग से युवक लापता गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज

**मऊआइमा।** एक युवक पंजाब जाने के लिए घर से निकला रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। सघन तलाश करने पर नही मिला परिजनों ने थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करायी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के चौहान का पूरा गांव निवासी अंशु सिंह उर्फ बच्ची 18 वर्ष पुत्र राजू सिंह 11 जून को घर से यह कहकर निकला कि वह पंजाब के पानीपत जा रहा है। परिजनों के अनुसार अंशू सिंह ने फाफामऊ से फोन करके बताया कि वह ऊंचाहार ट्रेन पर बैठ गया है। परिजनों का कहना है कि उसके बाद से अंशु सिंह का कोई फोन नहीं आया वह आज तक पानीपत नहीं पहुंचा। अंशू सिंह की माता सरिता देवी ने गुरुवार को स्थानीय थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## मेजा उपजिलाधिकारी के निगरानी में कराया जा रहा सड़क का निर्माण

अखंड भारत संदेश



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के कठौली गांव के समीप गेट संख्या 26 सी के बंद किए जाने के आदेश को लेकर पिछले कई महीनों से रेल प्रशासन तथा ग्रामीणों की खींचातानी चल रही है ?। वही एक बार फिर सड़क बनाने के लिए मेजा तहसील प्रशासन व पुलिस की निगरानी में सड़क बनाने का कार्य शुरू किया गया है। जबकि जिस रास्ते से सड़क जाना है उस रास्ते पर कुछ किसानों ने अपनी जमीन ना देने और मुआवजा ना लेने पर अड़े हैं इसी को लेकर किसानों ने कोर्ट से स्टे भी ले रखा है स्टे की जमीन को छोड़कर प्रशासन के द्वारा सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है सड़क निर्माण करने की सूचना पर ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लगी रही। बता दे कि फ्रंट कोरिडोर के द्वारा कठौली रेलवे फाटक संख्या 26 सी को बंद किए जाने को लेकर ग्रामीण पूर्व में अनशन रत भी हुए थे ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे फाटक ना बंद किया जाए आगर रेलवे फाटक बंद किया जाता है तो फ्लाई ओवर या फिर अंडरपास पुलिया का निर्माण कराया जाए। लेकिन रेलवे विभाग जगह कम होने का हवाला देते हुए गांव के बगल से सड़क का निर्माण करवाने की बात कह रहा लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं ग्रामीणों का कहना है कि लंबी दूरी और चक्कर काट कर के वह अपने गांव में नहीं जाएंगे। इसी खींचातानी को लेकर के ग्रामीणों और प्रशासन की ठनी हुई है। ग्रामीण किसी भी कीमत पर अपनी जमीन देने को तैयार नहीं है और ना ही मुआवजा लेने को इसी को लेकर कुछ किसानों ने अपनी जमीन का कोट से स्टे लिया हुआ है। पूर्व में रेलवे विभाग के द्वारा कई बार सर्वे भी किया जा चुका है लेकिन सहमति नहीं बन पाई। किसान जमीन देने को तैयार नहीं ओवरब्रिज या अंडर पास पुलिया के निर्माण पर अड़े हैं वही एक बार फिर बुधवार को एसडीएम मेजा अभिनव कनौजिया पुलिस टीम के साथ सड़क निर्माण करवाने के लिए तहसील महकमे के साथ कठौली गांव में पहुंचे हैं जहां पुलिस बल के साथ ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लगी हुई है। और जेसीबी से सड़क निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है।

## जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षित किए गए करछना ब्लाक के रोजगार सेवक

अखंड भारत संदेश

करछना। विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य चलाई जा रही जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत प्रधानों , सचिवों, सहायक सचिवों , क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं रोजगार सेवक, लेखपालों को सभागार में प्रशिक्षण दिया गया या परियोजना भारतीय संविधान के 73वें संशोधन को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है परियोजना का निर्धारण गांव स्तर से ही होगा इससे गांव के लोगों को पूरी भागीदारी होगी यह परियोजना भारत सरकार एवं राज्य सरकार के सहयोग से प्रत्येक गांव में हर घर के लिए चलाई गई तथा इस मिशन का मुख्य उद्देश हर घर जल पहुंचाने का है जल जीवन मिशन को अपने गांव में लागू करने के लिए ग्राम पंचायतों को अपनी आवश्यकता के अनुसार ग्राम कार्ययोजना बनानी होगी इस परियोजना के माध्यम से प्रत्येक घर को एक कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन के जरिए स्वच्छ जल उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है प्रशिक्षण उपरांत उपस्थित जल जीवन मिशन शिवाकांत द्विवेदी जल जीवन मिशन के जिला सहायक, एवं मीना शुक्ला जल जीवन मिशन कोऑर्डिनेटर बृज भवन मौर्या, महेंद्र यादव अध्यक्ष रोजगार सेवक संघ शिव गणेश पटेल प्रधान हथसरा द्वारा सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया उपस्थित प्रमुख लोगों में सूरज निषाद राकेश सिंह नारायण दुबे शिवाकांत द्विवेदी प्रभाकर मौर्य संगीता पटेल बीना पटेल संगीता देवी अनारकली सविता मौर्या सूरज अमरीश मौर्या, बृजभूषण प्रधान प्रतिनिधि कमल सिंह राम सकल, मनीष कुमार यादव, अमित यादव,अमरेश सिंह सचिव संजीव श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मी व क्षेत्र के गणमान्य लोग प्रधान एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**प्रशिक्षण में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं प्रधान हुए पुरस्कृत**





## करछना ब्लाक में पंचायत सचिवों के रिक्त पदों से दम तोड़ रही हैं गांव की विकास योजनाएं

अखंड भारत संदेश

**करछाना।** प्रयागराज विकासखंड के अंतर्गत डेढ़ दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिव की कमी के कारण विकास योजनाएं विगत 2 महीने से अवरुद्ध हो गई हैं जिसके जिम्मेदार आलाकमान अफसरों के कारण गांव में संचालित विकास योजनाएं थप पडी है विकासखंड करछना के 80 ग्राम पंचायतों में अधिकांश गांव में पंचायत सचिवों की कमी हो गई है विगत तीन चर महीने के अंतराल में करीब पांच सचिव निलंबित कर दिए गए हैं जिनके ऊपर गंभीर आरोप लाखों रुपए के घोटाले कमीशन बाजी एवं राजनीतिक द्वेष में काम करने के आरोपों में निलंबित किए गए हैं सर्वप्रथम प्रीति शुक्ला, विनोद कुमार ,राम रूप सिंह, सेवानिवृत्त अब्दुल बारी, नेहा राय , सहित लगभग आधा दर्जन पंचायत सचिवों से करछना ब्लॉक रिक्त चल रहा है जिसकी वजह से गांव में विकास योजनाएं दम तोड़ रही हैं कई महीने से किसी सचिव की नियुक्ति न होने के कारण सभी योजनाएं भुगतान एवं अन्य कार्यों से बाधित हैं इस संबंध में एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि समस्या से जिले के जिम्मेदार अफसरों को लिखित रूप में अवगत करा दिया गया है लेकिन अभी तक कोई नए सचिवों की तैनाती नहीं होने के कारण गांव में विकास काम बाधित हैं उन्होंने बताया कि जल्द ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

### मेजा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चरमराई,गर्मी व पानी की समस्या से लोग बेहाल

**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। कब आएगी और कब चली जाएगी इसे कोई बताने वाला नहीं है। रोस्टिंग के बहाने बार-बार कटौती के कारण दिनचर्या तो प्रभावित हो ही रही है उद्योगधंधों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली कटौती टोकने के निर्देश दिए हैं,लेकिन शासन के मुताबिक बिजली मिल नहीं रही है। सबसे खराब स्थिति मेजा बाजार की है।विगत एक सप्ताह से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।कभी पानी की किल्लत तो कभी बिजली की किल्लत से व्यापारी जूझ रहे हैं।एक ओर जहां व्यापारियों को पानी व बिजली से दो चार होनापद रहा है।वहीं बिजली से चलने वाले उद्योगधंधे प्रभावित हो रहे है। रोज-रोज बिजली की दुर्दशा से उपभोक्ता आजिज आ गये है। अभी बिजली व्यवस्था सुधरी नहीं कि मेजा बाजार स्थित ट्रांसफार्मर भी खराब हो गया।हालाकि जेई आशीष कुमार द्वारा तत्काल ट्रांसफार्मर को बदलने के प्रयास की व्यापारियों ने सराहना की है।वहीं विभाग के उच्चाधिकारियों की ढुलमुल रवैया से उपभोक्ता अक्रोशित हैं।व्यापारियों ने आए दिन बिजली और पानी की समस्या से अजिज खराब व्यवस्था को सुधारने की मांग की है।

## आरसी का बकाया न जमा करने पर होटल सीज, पुलिस के साथ पहुंचे राजस्वकर्मी

**राजस्वकर्मियों और पुलिस के तेवर को देखते हुए मौके पर ही जमा की गई आरसी की रकम,आरसी कर रकम जमा होने के बावजूद बिल की भारी रकम बकाया होने पर काटी गई लाइन**



**झूंसी।** थाना क्षेत्र के नरायनदास का पुरा गांव स्थित एक होटल को बुधवार की दोपहर सीज करने राजस्वकर्मी इलाकाई पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। कुछ देर तक होटल मालिक ने आनाकानी की लेकिन राजस्वकर्मियों और पुलिस के तेवर को देखते हुए उसने मौके पर ही आरसी की रकम भर दी। इसके बावजूद बिजली के बिल की भारी रकम बकाया होने पर बिजलीकर्मियों ने ?होटल की लाइन काट दी। इससे मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। थाना क्षेत्र के नरायनदास का पुरा गांव स्थित कृष्णा होटल पर बिजली के बिल की भारी रकम बकाया थी। इस पर होटल की आरसी कट गई थी। एक जून को राजस्वकर्मी तहसीलदार ओमप्रकाश शुक्ल और संग्रह अमीन सुदामा के साथ आरसी की रकम वसूलने गए थे। आरोप है कि इस दौरान होटल मालिक जितेंद्र यादव ने राजस्व कर्मियों से गालीगलौज कर ली। बात बढ़ी तो होटल मालिक जितेंद्र ने राजस्व टीम पर हमला बोल दिया। इस मामले में संग्रह अमीन सुदामा की तहरीर पर आरोपी होटल मालिक जितेंद्र के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था। बुधवार को राजस्व टीम तहसीलदार ओमप्रकाश शुक्ल, नायब तहसीलदार देवेंद्र सिंह तथा धनंज्य सिंह के साथ आरसी की रकम न जमा होने पर होटल सीज करने पहुंची थी। इस दौरान एक बार फिर होटल मालिक और राजस्वकर्मियों के बीच तीखी बहस हुई। पर राजस्वकर्मियों और पुलिस के कड़े तेवर को देखते हुए होटल मालिक ने आरसी की रकम एक लाख 90 हजार रुपये मौके पर ही जमा कर दी। हालांकि इसी बीच बिजली का बिल तकरीबन सवा पांच लाख हो जाने के कारण बिजलीकर्मियों ने अवर अभियंता रागेश कुमार की अगुवाई में होटल की लाइन काट दी। इसके चलते मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही।

### फूलपुर में विधुत चोरी रोकने के लिए विभाग ने चलाया विशेष अभियान



**फूलपुर।** प्रातः कालीन विद्युत चोरी को रोकने एवं विद्युत लाईन की हानि को कम करने के उद्देश्य से बुधवार को अभियान के तहत विधुत विभाग ने फूलपुर नगर पंचायत के लोचनगंज, अंसार नगर, पूरे महारथ, पूरे अच्छई सहित अन्य स्थानों पर मास रेड आयोजित किया। मास रेड की जांच टीम में उपखण्ड फूलपुर के उपखण्ड अधिकारी प्राजंल मिश्रा ने बताया की मास रेड के दौरान, प्रातः काल 05:30 से 9:30 बजे तक 89 लोगों के परिसर में चेकिंग की गई। इस जांच के दौरान 9 लोगों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम 2003/05 की धारा 135 के तहत प्राथमिक कार्रवाई की गई। इसके अलावा, 14 लोगों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 126 के तहत अनियमितता में कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया की चेकिंग अभियान के दौरान मीटरों की भी जांच की गई है जिसमें कुछ मीटरों में नो डिस्प्ले होने के साथ ही खराब होने के कारण 10 मीटर को तत्काल विद्युत परीक्षण खंड की टीम द्वारा बदला गया। अभियान में अवर अभियंता विजय कुमार सरोज, अभियंता अशोक कुमार, प्रवर्तन दल अवर अभियंताअखिलेश कुमार, फूलपुर सब इंस्पेक्टर दुर्गेश कुमार राय, प्रवर्तन दल निरीक्षक एस बी सिंह,प्रवर्तन दल के साथ ही पुलिस व विधुत विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम शामिल रही।

### मोटर साईकिल से स्टंट करना युवक को पड़ा भारी, पहुंचा हवालात

**प्रतापगढ़।** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो जिसमें एक युवक द्वारा लापरवाहीपूर्वक खतरनाक स्टंट/यातायात नियमों का उल्लंघन कर मोटर साइकिल चलाया जा रहा था जिस पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर सड़क सुरक्षा/यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही के तहत मानिकपुर पुलिस द्वारा, उक्त वायरल वीडियों को संज्ञान में लेकर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के संबंध में मु0अ0सं0 156/23 धारा 279 भादवि पंजीकृत कर 01 व्यक्ति वीरेंद्र कुमार पटेल पुत्र स्व० पृथ्वीपाल पटेल निवासी ग्राम कियांवा जिरवाबाग, थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। मोटर साइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

# पति से नाराज तीन बच्चों संग महिला ने दी कुएं में कूदकर जान

## पति द्वारा मुम्बई न ले जाने से नाराज थी पत्नी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के कोंहडौर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद गांव में एक 35 वर्षीय महिला ने अपने पति के परदेस मुम्बई चले जाने से क्षुब्ध होकर अपने तीन बच्चों को लेकर कुएं में कूद गई जिससे महिला तथा आठ वर्षीय पुत्री, छह वर्ष व तीन वर्ष के दो पुत्रों की दुखद मृत्यु हो गई।



कुएं के पास जुटी ग्रामीणों की भीड़।

इस बारे में बताया जाता है कि आज गुरुवार की प्रातः गांव के कुएं में चार शव उतराए देखे गये। शव देखकर गांव वालों में हड़कंप मच गया। धीरे-धीरे भीड़ बढ़ी तो पुलिस भी पहुंची तो चारों शवों को कुएं से निकाला गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि कोहडौंर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद गांव निवासी सोहन लाल मुम्बई में काम करता है। वह घर आया था तो पत्नी ने भी उसे बच्चों को साथ ले चलने की बात की थी लेकिन जब वह अकेला चला गया तो सोहनलाल की पत्नी प्रमिला देवी (35) वर्ष अपनी बेटी सोनाली (8) वर्ष, बेटा दिव्यांष (6) वर्ष व षिवांष (3) वर्ष को लेकर रात में घर के पास स्थित कुएं में कूद गई। इस दुखद घटना की खबर आज सुबह गांव वालों को हुई तो सभी स्तब्ध हो गये। अबोध बच्चों की मौत से पूरा गांव गमगीन है। कोंहडौर पुलिस ने चारों शवों का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। घरवालों ने उसके पति सोहनलाल को भी सूचना दे दी है।

## आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** जमीन के सौदे में धोखेबाजी को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधडी का केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के हण्डौर निवासी स्व. रामलखन शुक्ल के पुत्र उदयप्रकाश शुक्ल ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि बीती दो जून को दिन मे साढे बारह बजे विपक्षी लीलापुर थाना के कोठार मंगोले सगरा निवासी पदमनाभि शुक्ला के पुत्र विनीत कुमार शुक्ल ने लालगंज रजिस्ट्री कार्यालय में जमीन विक्रय के तय सौदे के विपरीत धोखे से उसकी भूमिधरी का बैनामा करा लिया। पीडित ने कहा है कि जमीन के एक भाग का सौदा दस लाख मे हुआ था किन्तु आरोपी ने उसे महज आठ लाख रुपए खाते मे भेजवाए। वहीं पीडित का कहना है कि लिखापढ़ी के दौरान आरोपी ने अपने कुछ परिचितों के साथ मिलकर एक बाग मे ले जाकर उसे नशा कराया तथा उसकी शेष भूमि का भी बैनामा करा लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी विनीत के खिलाफ धोखाधडी का केस दर्ज किया है।

## दो आरोपियों के खिलाफ रंगदारी का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** रंगदारी को लेकर आरोपियो द्वारा पीडित की दुकान पर बवाल को लेकर सांगीपुर पुलिस ने दो के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के कल्यानपुर कला निवासी लालता प्रसाद वैश्य के पुत्र रविशंकर वैश्य ने गुरूवार को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बुधवार की शाम छः बजे वह दीवानगंज बाजार में अपनी फल की दुकान पर बैठा था। इस बीच आरोप है कि नेवादा निवासी उमानाथ सिंह के पुत्र शेखर सिंह तथा भगवत सिंह के पुत्र गुडडू सिंह उसकी दुकान पर आये और पचास हजार रुपए रंगदारी मांगने लगे। पीडित ने असमर्थता जतायी तो आरोपियो ने उसके साथ गालीगलौज करते हुए ठेलिया पलट दिया। तहरीर मे कहा गया है कि पीडित का भतीजा अतुल सामान उठाने लगा तो आरोपियो ने तमंचे की नोंक पर उसे जानलेवा धमकी दी। मामले मे सांगीपुर पुलिस ने दोनों आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

## एसपी की फटकार पर ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** एसपी की फटकार पर सांगीपुर पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है।

सांगीपुर थाना के पूरे भूसू मुरैनी निवासी महेश सिंह की पुत्री आसमां ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसका विवाह अमेठी के बबुरी थाना संग्रामपुर निवासी रामेश्वर प्रसाद के पुत्र सुरजीत सिंह से हुआ है। दहेज की मांग को लेकर उसके पति सुरजीत तथा सास शोभा सिंह व जेठ बादल सिंह व ननद रेखा सिंह उसे प्रताड़ित करने लगे। ससुरालीजन पीडिता से मायके से दहेज के मद मे एक लाख रुपए की मांग को लेकर प्रायः मारपीट कर उसे प्रताडित करने लगे। पीडिता ने सांगीपुर पुलिस को तहरीर सौंपी किन्तु जांच के नाम पर केस दर्ज नही हुआ।

तब पीडिता ने एसपी से मिलकर इंसाफ की गुहार की। एसपी सतपाल अंतिल की फटकार पर आरोपी पति सुरजीत समेत चार के खिलाफ पुलिस ने दहेज प्रताडना व महिला उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

### नगर पालिका बोर्ड की बैठक आज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह शुक्रवार को अपनी पहली बोर्ड की बैठक में भाग लेंगे। यह बैठक 23 जून को अपरान्ह तीन बजे से आयोजित की गई है जिसमें सभी सभासद, अधिकारी व अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह रहेंगे। यह जानकारी अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने दी।

## मोलनापुर गांव में दबंगों ने घर को खाली कराया और लगा दी आग

### पुलिस के पहुंचने पर पीड़ित परिवार हुआ सुरक्षित

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गांव के दबंग और दर्जन भर अज्ञात लोगों के साथ घर में घुसकर महिला के साथ अश्लील हरकत किया। असलहा लहराकर फायर कर दहशत फैलाई और घर खाली करने का फरमान सुना दिया। घर के लोग जान बचाने के लिए बाहर निकले तो आरोपियों ने घर में आग लगा दी। पुलिस अधीक्षक को फोन करने पर किसी तरह मौके पर पुलिस फोर्स पहुंची तो पीड़ित का परिवार खुद को सुरक्षित कर सका। मामले में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व जिला पंचायत सदस्य विजय यादव ने मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखकर मामले की सूचना देकर मदद की गुहार लगाई है।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के मोलनापुर गांव की रहने वाली आराधना गिरी पत्नी त्रिलोकीनाथ गिरी ने आरोप लगाया कि बुधवार की रात 11 बजे गांधियावा गांव के रहने वाले आधा दर्जन लोग पहुंचे और उनके साथ कुछ अज्ञात लोग भी थे। आराधना गिरी ने बताया कि सभी आरोपी उनके पति को त्रिलोकीनाथ गिरी को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने पीटने लगे और एक व्यक्ति ने कपड़ा फाड़ कर महिला को निर्वस्त्र कर दिया। आरोपियों जान से मारने की धमकी देते हुए घर खाली करा दिया। जान बचाकर सभी लोग घर से कुछ दूर स्थित नाले की तरफ भागे आरोपियों ने घर में लूटपाट करते हुए घर में आग लगा दिया। थोड़ी देर में घर जलकर खाक हो गया। त्रिलोकीनाथ ने मामले की सूचना आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष को दिया उसके बाद पुलिस अधीक्षक को फोन करके मामले की जानकारी दी मौके पर पुलिस पहुंची तो पीड़ित परिवार की जान बच सकी और मामले की पूरी जानकारी दी गई। मौके पर आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संजय पांडे सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने मौके का जायजा लिया।

### जिला पंचायत सदस्य ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लिखा पत्र

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा तृतीय से समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य व पूर्व एमएलसी प्रत्याशी विजय यादव ने मामले को संज्ञान में लेते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को मदद करने के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि त्रिलोकीनाथ गिरी समाजवादी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समर्थित गुंडों ने घर को जलाकर राख कर दिया और दहशत फैलाया है। सपा के कार्यकर्ता त्रिलोकीनाथ अपने घर को सपा के पोस्टर और बैनर से ढक रखा था जिससे नाराज भाजपा के समर्थकों ने जमकर तांडव मचाया। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मामले में मदद करने की गुहार लगाई है।

# आंगनबाड़ी केन्द्र में महिला मोर्चा ने किया योगाभ्यास

### सरस्वती शिशु मंदिर में हर्षोल्लासपूर्वक मना योग दिवस



आंगनबाड़ी केन्द्र पर योगा करते बच्चे।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुराना माल गोदाम में स्थित आंगनबाड़ी में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रुचि केसरवानी और आंगनबाड़ी संचालिका सुनीता चैरसिया के द्वारा बच्चों को योग कराया गया। साथ में मीडिया प्रभारी सारिका श्रीवास्तव और प्राइमरी स्कूल की अध्यापिका भी उपस्थित रहीं।

जिला अध्यक्ष रुचि केसरवानी ने बच्चों को योग से होने वाले लाभ को बताते हुए कहा कि योग हमारे देश में महर्षि पतंजलि के समय से रहा है लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसको ख्याति दिलवाने का कार्य और इसको 21 जून को मनाए जाने के लिए हमारे प्रधानमंत्री का सफलतम प्रयास रहा है। योग हमारे जीवन में बहुत उपयोगी है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। उधर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला पूर्वी प्रतापगढ़ में आज विश्व योग दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम किशोर एवम योग शिक्षक के नाते विजय उमरवैश्य ने समवेत महर्षि पतंजलि (योग के आदि गुरु) एवम भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवम पुषापर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया बाद में सभी उपस्थित लोगों एवम भैया बहिनों ने संगक्षद्वाम प्रार्थना किया प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडेय ने अतिथि अभ्यागत महानुभावों का परिचय कराते हुए योग के महत्व को बताया।

### विश्व योगा दिवस के अवसर पर योग शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में किया गया। योग शिविर का उद्घाटन अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह एवं सचिव डॉ विष्णु कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। योग शिविर में आये हुए सहभागियों को सम्बोधित करते हुए हुए डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि योग व्यायाम का एक ऐसा प्रभावशाली प्रकार है जिसके माध्यम से न केवल शरीर के अंगों बल्कि मन, मस्तिष्क एवं आत्मा में संतुलन बनाया जाता है। डॉ विष्णु कुमार पाण्डेय ने कहा कि योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के युग से हुई जिसका मतलब होता है कि आत्मा का सार्वभौमिक चेतना से मिलन योग लगभग दस हजार साल से भी अधिक समय से अपनाया जा रहा है। प्रतिष्ठित योग शिक्षक श्री गोपाल स्वरूप पाठक जी ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को योग कराया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रदीप सिंह, डॉ यतेन्द्र कुमार, चिकित्सक डॉ विनोद कुमार गुप्ता, डॉ विजय यादव, शिवांश प्रताप सिंह, रविशंकर, जुगुल किशोर, बृजेन्द्र पटेल, सूरज सिंह, राम आसरे, जीत लाल सिंह, मस्तराम सरोज आदि लगभग 50 लोग उपस्थित होकर योग एवं प्राणायाम सीखा एवं किया।



कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में योगा करते लोग।

### विश्व योगा दिवस पर बताया योग का महत्व

अखंड भारत संदेश



हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में योगा करते प्राचार्य।

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में योगा दिवस बड़े पैमाने पर मनाया गया। योगा कार्यक्रम की शुरूआत कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलन कर श्री गणेश हुआ। योग करने में कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के साथ पूरा महाविद्यालय परिवार एवं सभी छात्र छात्रायें रही। इस अवसर पर प्राचार्य श्री मिश्र ने सभी योग करने आये छात्रों एवं प्राध्यापकों को योग के महत्व को अंगीकार करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर को स्वस्थ रखना है तो योग करना नितांत आवश्यक है। करें योग रहें निरोग। योगा कार्यक्रम में विशेष भूमिका राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों के साथ सम्पूर्ण शिक्षकों की रहीं। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ सीमा त्रिपाठी ने सभी योगा करने आये लोगो के प्रति आभार प्रदर्शन किया। उक्त सूचना कालेज जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।

## ग्राम प्रवास के दौरान चौपाल में सांसद ने सुनी समस्याएं

### ग्रामीणों के साथ गांव में किया वृक्षारोपण

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता अपने प्रवास कार्यक्रम के तहत बुधवार की रात सांगीपुर विकासखंड के दौलतपुर में पंचायत भवन में रात्रि प्रवास किया। पूरे सुबोध दौलतपुर निवासी दिनेश यादव के यहां भोजन किया।



गांव में वृक्षारोपण करते सांसद संगम लाल गुप्ता।

गुरुवार सुबह सांसद कार्यक्रम स्थल पर निकाली गई प्रभात फेरी में सैकड़ों की संख्या में सामिल हुए। प्रभात फेरी के दौरान सांसद ने ग्रामीणों से मिलकर उनका कुशल क्षेम पूछा वह उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। इस दौरान वृक्षारोपण भी किया।कार्यक्रम के पश्चात सांसद ने ग्रामीणों के साथ योगाभ्यास करने के बाद सोनार की बात गांव में जयपाल सिंह व अंबिका सिंह के यहां सुबह की चाय पीने के साथ नाश्ता भी किया। जन चैपाल के दौरान सांसद संगम लाल ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बावत में लोगों से बात चीत के माध्यम से योजनाएं पात्र व्यक्तियों को मिल रही है या नहीं इसकी भी जानकारी दें। उन्होंने अपने प्रवास कार्यक्रम के विषय में बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के वह आम व्यक्ति जो अपनी समस्या को लेकर जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंच सकते हैं उनकी सुविधा के लिए वह गांव गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और उसका निराकरण भी करा रहे हैं। इस दौरान सांसद ने भावी मतदाता रिटायर्ड शिक्षक, अधिवक्ता वह पूर्व सैनिकों को आशा बहुओं तथा सफाई कर्मियों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर विवेक उपाध्याय, अभिषेक मिश्रा, उमापति दास महंत राजकुमार सिंह, ओमप्रकाश पांडे गुड्डू नीरज सिंह, दिनेश यादव, ओमप्रकाश सिंह, राजेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, छोटे लाल सरोज समेत तमाम भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी और नेतागण मौजूद रहे।

## ओजस का उच्च शिक्षा हेतु ब्रिटेन मे हुआ चयन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के एम एम पी जी स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव के सुपुत्र ओजस श्रीवास्तव का उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड एवं कनाडा के 6 विश्व विद्यालय मे चयन हुआ है ओजस को लंदन नार्टिघम ईस्ट एंगिलया मेंनचेस्टर के विश्व विद्यालय द्वारा आमंत्रित किया गया है ओजस की इस सफलता पर महाविद्यालय की सेक्रेटरी राजकुमारी रत्ना सिंह राजभवन कालाकांकर प्रबंधक डा0 घनश्याम यादव,ने हार्दिक बंधाई देते हुए अपनी शुभकामनाये दी जिसमे महाविद्यालय के शिक्षक प्रो0 रामकरन, डा0 डी सी आनंद, प्रो0 विनीता सिंह, डा0 ज्योति गुप्ता, प्रो0 भूपेश सिंह, अब्दुल रज्जाक, मो0 अफसार अहमद,आदि लोगो ने ओजस की इस सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाये देते हुए कहा कि ओजस ने प्रतापगढ़ का नाम रोशन के साथ देश का गौरव बढ़ाया है।



ओजस श्रीवास्तव।

## सभासद रामचरित्र वर्मा का पट्टी नगर में हुआ भव्य स्वागत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जिला योजना समिति के निर्विरोध निर्वाचित पर वार्ड नंबर 6 के सभासद रामचरित्र वर्मा का बुधवार की शाम पट्टी नगर में भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं अपने समर्थकों शुभचिंतकों तथा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह व भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया। बुधवार की शाम को प्रतापगढ़ नगर पालिका से निर्विरोध निर्वाचन होने के बाद प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद पट्टी नगर के छठी बार वार्ड सभासद रहे वार्ड नंबर 6 में सभासद रहे रामचरित्र वर्मा अपने समर्थकों के साथ पट्टी नगर पहुंचे। सबसे पहले हनुमान मंदिर पर भगवान हनुमान की पूजन अर्चन करने के बाद समर्थकों के साथ पूरे पट्टी नगर में डीजे और गाजेबाजे के साथ भव्य स्वागत हुआ उसके बाद वह पट्टी रायपुर रोड अपने आवास पर पहुंचे वहां पर उनके स्वागत के लिए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर मौजूद लोगों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर उनके साथ देवेंद्र नाथ पांडे पूर्व ब्लाक प्रमुख रामदुलार सिंह राम आसरे शुक्ला मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर वर्मा विधानसभा अध्यक्ष अपना दल (एस) पूनम इंसान, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमार पाण्डेय, राजेश दुबे, सतीश पाण्डेय, शिव कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष पट्टी शिव प्रसाद सिंह, अरविंद तिवारी, अवधेश सिंह, अब्बास अली, राइन मोहम्मद कैफ, अहमद हुसैन, पवन खंडेलवाल, प्रमोद खंडेलवाल, बलिराम तिवारी, अशोक सोनी, राजित राम चैधरी, खेदन लाल जायसवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पट्टी आदि लोग मौजूद रहे।

### एलायंस क्लब के डायरेक्टर को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य के द्वारा किए गए 1 वर्ष के कार्यों का मूल्यांकन कर क्लब कि इंटरनेशनल प्रेसिडेंट तृप्ता कौर जुनेजा ने रोशनलाल उमरवैश्य के कार्यो की सराहना करते हुए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इंटरनेशनल प्रेसिडेंट ने कहा कि रोशनलाल के नेतृत्व में जिले में क्लब ने बहुत कार्य कर इंटरनेशनल का अग्रिम जिला बना है। आपके कुशल कार्यशैली से ही संभव हो सका है। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि इंटरनेशनल प्रेसिडेंट महोदया ने कार्यों का मूल्यांकन कर जो प्रशंसा पत्र दिया है मैं इंटरनेशनल प्रेसिडेंट तृप्ता कौर जुनेजा एवं एलाय डॉ0 मनमीत सिंह के प्रति आभार जताता हूं। इस मौके पर डॉ0 दयाराम मौर्य, अनिल कुमार निलय, राजीव आर्य, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, विवेक कुमार, सूरज कुमार, आदर्श कुमार आदि मौजूद रहे।

# ट्रक, ट्रेलर चालक सहित तीन की मौत

अखंड भारत संदेश



तेज रफ्तार बालू लदा ट्रक रॉन्ग साइड से जाकर ट्रेलर ट्रक में भिड़ा



**कौशाम्बी।** जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है यातायात का नियंत्रण समाप्त हो गया है सैनी कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार बालू लदा हुआ ट्रक रॉन्ग साइड से जाकर ट्रेलर से टकरा गया, जिसमे तीन लोगो की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है जबकि एक व्यक्ति गंभीर घायल है हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई आसपास के लोग बचाव व राहत कार्य में जुट गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची कई थानों की पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला तब तक देर हो चुकी थी और 3 लोगों की मौत हो गई हादसे में एक व्यक्ति गंभीर घायल है घायल को पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है जहा उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने मृतक लोगों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के ननमई मोड़ के पास गुरुवार की सुबह और ट्रेलर ने जबरदस्त भिड़ंत हो गई है बताया जाता है कि कानपुर की तरफ से एक तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक आ रहा था,तभी अचानक तेज रफ्तार रांग साइड से जा रहा बालू लदा हुआ ट्रक सामने से आ रहे ट्रेलर ट्रक से तेज आवाज के साथ टकरा गया,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनो ट्रको के केबिन के परखच्चे उड़ गए,ट्रक और ट्रेलर में बैठे सभी लोग केबिन में फंस गए दुर्घटना की आवाज सुनकर हादसे के बाद लोगो की भीड़ जमा हो गई,लोगो की सूचना पर तीन थानो की फोर्स मौके पर पहुंची और वाहनों में फसें लोगो को जेसीबी मशीन के सहारे पुलिस निकालने में जुट गई। ट्रक हादसे में ट्रक चालक शबीहुल प्रतापगढ़ निवासी,ट्रेलर चालक जीत राम सैनी और क्लीनर बबलू राजस्थान निवासी की मौके पर ही मौत हो गई,घटना की सूचना पर पहुँची हाइवे पेट्रोलिंग और पुलिस ने जेसीबी और गैस कटर की सहायता से केबिन में फंसे हुए लोगो को बाहर निकाला ,मृतक के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया गया है।

**हादसे का कारण बना खनन विभाग :** सैनी कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को हादसे के पीछे खनन विभाग की बोलेरो चर्चा में है बताया जाता है कि ओवरलोड बालू लदे वाहन को जांच करने के बहाने खनन विभाग के लोग उसका पीछा कर रहे थे खनन विभाग से बचने के लिए बालू लदा ट्रक रॉन्ग साइड से तेज गति से भाग रहा था जिससे दुर्घटना हो गई है और तीन बेकसूर लोगों की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई खनन विभाग की बोलेरो को पीछा करते तमाम लोगों ने देखा है

**बेमतलब साबित हो रही है यातायात पुलिस :** जिले में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है दुर्घटनाओ में निर्दोषों की मौत हो रही है दुर्घटना को रोकने के कारगर प्रयास नहीं हो रहे हैं केवल मीटिंग गोष्ठी और भाषण बाजी तक यातायात की पूरी व्यवस्था सीमित रह गई है तेज रफ्तार वाहनों में यातायात पुलिस नियंत्रण नहीं लगा पा रही है लेकिन उसके बाद भी यातायात पुलिस पर पुलिस अधिकारी कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं आखिर कब तक यातायात व्यवस्था अनियंत्रित रहेगी और इसी तरह से दुर्घटनाओं में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ेगी आखिर किस बात के लिए यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाई जाती है यह सवाल आम जनता योगी सरकार से कर रही है।

# श्रमिक संवाद कार्यक्रम में गायब रहे श्रमिक

## मंच से उतरकर श्रमिकों से बात करने में तौहीनी समझते रहे सांसद, चंद पार्टी कार्यकताओं को एकत्रित कर संपन्न हो गया श्रमिक संवाद कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** आम जनता के बारे में हकीकत जानने के लिए योगी मोदी सरकार द्वारा अपने सांसद और विधायकों को दिए जा रहे निर्देश में अब उनके सांसद और विधायक तोड़ मरोड़ कर योगी मोदी के निर्देशों को पेश कर वाह वाही लूटने में लगे हैं योगी मोदी के निर्देश के बाद भी अपने गरूर को कम करते सांसद विधायक नहीं दिख रहे हैं आम जनमानस के बीच बैठकर वार्ता करने में उन्हें अपनी तौहीनी समझ में आ रही है मंच से उतर कर आम जनता के दिल की पीड़ा को समझने का प्रयास सांसद विधायकों द्वारा नहीं किया जा रहा है बल्कि गुरुर के साथ मंच में खड़े होकर बलपूर्वक अपनी बात कही आ रही है अब सांसद विधायक द्वारा कही जाने वाली बातों में कितनी सच्चाई है यह तो सुनने वाली आम जनता जानती है इसलिए सांसद विधायक के कार्यक्रमों में अब आम जनता नहीं दिखाई पड़ती है कुछ उनके खास समर्थक प्रत्येक कार्यक्रम में पहुंचते हैं कुछ लालच वश उनके कार्यकर्ता सांसद विधायकों का जयकारा लगाते हैं लेकिन क्या कुछ खास समर्थकों के साथ आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को योगी मोदी फतेह कर पाएंगे सरकार के निर्देश पर चलाए गए श्रमिक संवाद कार्यक्रम में श्रमिकों की उपस्थिति नगण्य रही कार्यक्रम में कुछ खास कार्यकर्ता ही बीते कार्यक्रमों की तरह शामिल हुए और सांसद द्वारा कही गई बातों को सुनकर उनका समर्थन करते रहे लेकिन वास्तविकता यह है कि श्रमिक संवाद कार्यक्रम में ना तो श्रमिक एकत्रित हो सके और ना ही श्रमिकों से वार्ता करने का सांसद ने प्रयास किया बल्कि मंच पर अपनी बात को बलपूर्वक वह कहते चले गए जिसे लोग मानने को तैयार नहीं थे मंच से उतरकर श्रमिकों के बीच बैठकर उनसे वार्ता करने में सांसद को अपनी तौहीनी समझ में आती रही आम जनता मजदूर किसान श्रमिकों के साथ सांसद का यही रवैया रहा तो आने वाले लोकसभा चुनाव में आम जनता मजदूर किसान इनके व्यवहार का बदला जरूर लेगी।

# सरकारी हैंडपंप पर कब्जे के मामले में लुका छुपी का खेल खेल रही पुलिस

**विभागीय अधिकारियों की रिपोर्ट होने के बाद भी शिकायतकर्ता को पुलिस ने शांतिभंग में किया पाबन्द**

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लाक क्षेत्र के कोतवाली मंझनपुर अंतर्गत मलाक पिंजरी गांव के जगदीशपुर मजरा में सरकारी हैंडपंप में दबंगों का कब्जा किए जाने के मामले में पुलिस और राजस्व प्रशासन लुकाछिपी का खेल खेल रहा है सरकारी संपत्ति में कब्जे के खुलासा होने के बाद सरकारी संपत्ति को मुक्त कराना आरोपियों की गिरफ्तारी कराना उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज करना कब्जा धारकों से रिकवरी कराए जाने के बजाय मंझनपुर कोतवाली की शमशाबाद पुलिस चौकी इंचार्ज ने शिकायतकर्ता पर ही शांति भंग का मुकदमा लिख दिया है पुलिस को शिकायतकर्ता से खतरा महसूस होने लगा है बताया जाता है कि कमल कुमार पुत्र श्री बोधन तिवारी ने सरकारी हैंडपंप को नष्ट करके उसका सामान अपने घर में रख लिया है इस बात का प्रमाण पुलिस चौकी इंचार्ज शमसाबाद द्वारा भी अपनी जांच रिपोर्ट में लिखा गया है कि कमल कुमार ने अपने निजी बोर में सरकारी हैंडपंप लगा लिया है ग्राम पंचायत स्तर पर रिबोर कराए गए हैंडपंपों की सूची में ग्राम पंचायत अधिकारी ने भी अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि कमल तिवारी के घर के पास 39 हजार 965 रुपए लगाकर सरकारी हैंडपंप का रिबोर कराया गया है सहायक विकास अधिकारी पंचायत सिराथू द्वारा भी जिला पंचायत राज अधिकारी कौशांबी को भेजे गए अपने पत्र में लिखा है कि कमल कुमार तिवारी के घर की बाउंड्री के अंदर लगा हैंडपंप का स्थलीय सत्यापन किया गया मौके पर ग्राम वासियों द्वारा बताया गया कि उक्त हैंडपंप मंदिर के पास पूर्व में स्थापित था जिसका बोर खराब हो जाने के उपरांत कमल कुमार तिवारी द्वारा अपने घर की बाउंड्री के अंदर दूसरा बोर करा कर सरकारी हैंडपंप अधिष्ठापन करा लिया गया है जो हैंडपंप सरकारी है और उनके घर की बाउंड्री के अंदर है सरकारी हैंड पंप अपने घर के अंदर लगा लिए जाने से सरकार को राजस्व का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है सरकारी संपत्ति को गलत तरीके से कब्जा करने वाले कमल कुमार तिवारी पुत्र श्री शिवबोधन तिवारी के विरुद्ध सरकारी संपत्ति कब्जा करने चोरी से सरकारी हैंडपंप को अपने घर उठा ले जाने के बाद लगा लेने का मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी कराने के बजाय शमशाबाद चौकी इंचार्ज शिकायतकर्ता की जुबान बंद करने में लगे हैं शकायतकर्ता महेंद्र मिश्रा पत्रकार ने जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि इसी प्रकरण में मेरे द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर चौकी इंचार्ज शमसाबाद द्वारा आरोपियों से सांठगांठ कर मेरे विरुद्ध शांति भंग की धारा में कार्यवाही की है वादी के विरुद्ध शांति भंग की कार्यवाही कर चौकी इंचार्ज ने आरोपियों का पक्ष लिया है चौकी इंचार्ज शमसाबाद का यह कारनामा संदिग्ध प्रतीत होता है कभी भी चौकी इंचार्ज विरोधियों को बल देकर मेरी और मेरे परिवार पर हमला अथवा हत्या करवा सकते हैं अधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में महेंद्र मिश्रा ने कहा है कि आरोपियों के विरुद्ध सरकारी हैंडपंप कब्जा करने का मुकदमा दर्ज कराया जाए सरकारी हैंडपंप रिकवरी कराई जाए और उनकी गिरफ्तारी कराई जाए।

## न्यूज झरोखा

### लाभकारी योजनाओं की जानकारी पाकर खिले चेहरे



**कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के वार्ड न 24 संत कबीर नगर ग्राम ओसा में पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए गए मिशन शक्ति के 15 दिवसीय अभियान के संबंध में महिला उपनिरीक्षक तथा महिला बीट आरक्षी द्वारा गांव में जाकर चौपाल लगाई गई चौपाल में मौजूद महिलाओं व बच्चों को हेल्पलाइन 1090 वीमेन पावर हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 सी0एम0 हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन आदि के बारे में महिला सिपाहियों ने जानकारी दी इस दौरान महिलाओं, बेटियों को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के अलावा थाने पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट वितरित किये गए बताया गया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के सम्बन्ध में पुलिस से चुप्पी तोड़ो तथा सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती है तथा जनता के प्रति खास तौर से ग्रामीण महिलाओं के मन में पुलिस के प्रति जो डर है उसको दूर करने के लिए इस प्रकार का माहौल बनाया जाता है कि महिलाएं खुलकर अपनी समस्या को महिला पुलिस अधिकारियों को बताएं और उनका निस्तारण किया जाए।

### अमृत सरोवर के निर्माण कार्य का सीडीओ ने किया निरीक्षण



**कौशाम्बी** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने विकास खण्ड-कौशाम्बी की ग्राम पंचायत-म्यौहर में जिला पंचायत द्वारा निर्मित कराये जा रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अमृत सरोवर में मात्र मिट्टी का कार्य ही हुआ पाया गया, जबकि कार्य योजना वर्ष 2022-23 में स्वीकृत हो गई थी। अमृत सरोवर की प्राक्कलित लागत रू0-86.91 लाख है, जिसका निर्माण 15वें वित्त आयोग (टाइड) से कराया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने अमृत सरोवर के निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक अभियन्ता, जिला पंचायत को निर्माण कार्य में तेजी से प्रगति सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें इस अवसर पर सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई शुभम मिश्रा, सहायक अभियन्ता जिला पंचायत शशि चन्द यादव एवं अवर अभियन्ता जिला पंचायत उपस्थित रहें।

### पशु तस्करों को गिरफ्तार कर पुलिस ने बरामद किया 18 भैंस

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मझनपुर पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों सानू पुत्र अजमल अली निवासी रहीमपुर मौलानी व मो0 अयुब पुत्र मो० फारूख निवासी करमा करारी थाना करारी को ओसा चौराहे से एक अदद वाहन डीसीएम (यूपी 73 ए 6667) में 18 राशि भैंस/पड़वा को क्रूरता पूर्वक लादकर परिवहन करने पर गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध पलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त मुमताज अली पुत्र औसान निवासी लोगाचा थाना महेवाघाट को अढौली लौंगवा पुलिया के पास से 600 ग्राम नाजायज गाजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### उधार दिए सामान को मांगने पर दंपत्ति ने बालिका को पीटा

**कौशाम्बी** चरवा थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव में उधार दिए सामान को जब बालिका ने वापस मांगा तो दंपत्ति ने उसे गाली गलौज करते हुए बेरहमी से पीटा है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के हरदुआ खास की रहने वाली बालिका खुशबू पुत्री चरन सिंह ने एक महीने पहले गांव की कोमल सिंह को तेल उधार में दिया था 22 जून को जब खुशबू अपना तेल वापस मांगने गई तो कोमल सिंह ने उसे पीटा है मौके पर कोमल का पति पहुंचा और वह भी गाली गलौज करते हुए खुशबू को पीट दिया है बीच-बचाव करने पहुँची खुशबू की बहन को भी पीटा गया है मामले की सूचना पीड़ित बालिका ने पुलिस को दी है पुलिस ने मामले में एनसीआर दर्ज कर लिया है।

### बार-बार युवक को पीट रहे है दबंग

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में मानसिंह पुत्र लल्लू को बार-बार दबंग पीट रहे हैं बीते दिनों मानसिंह को गांव के दबंगों ने पीटा था जिस पर थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक तक मान सिंह ने शिकायत की थी मामले में आरोपी पर कार्रवाई करने के बजाय थाना पुलिस ने दोनों पर शांति भंग की कार्यवाही कर दी इसके बाद 18 जून को उन्ही दबंगों ने मानसिंह को फिर गाली गलौज कर मारा पीटा है मान सिंह ने फिर थाना पुलिस को सूचना दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई इतने पर भी दबंगों के हौसले नहीं टूटे और 22 जून को फिर गाली गलौज करते हुए मानसिंह के साथ उपरोक्त दबंग मारपीट करने लगे हैं पीड़ित ने फिर थाना पुलिस को सूचना दी है लेकिन उसने उम्मीद जताई है कि थाना पुलिस से उसे न्याय नहीं मिलेगा बताया जाता है कि हल्का के सिपाही आरोपियों को बल दे रहे हैं जिससे पीड़ित को न्याय नहीं मिल रहा है

### ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए 07 जुलाई ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी** अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों को ह्यह्यओह्न्ह्न लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित किये गय हैं। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्वनी कुमार ने देते हुए बताया कि इच्छुक युवक/युवतियां दिनांक 22 जून से 07 जुलाई 2023 तक वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। आवेदन करने के उपरान्त ऑनलाइन भरे गये आवेदन की प्रति प्रिन्टआउट प्राप्त कर हस्ताक्षरित करते हुए समस्त अभिलेखों सहित कार्यालय संख्या-27 जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन, मंझनपुर में 07 जुलाई 2023 की सायं 5:00 बजे तक जमा करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में कम्प्यूटर प्रशिक्षण चयन के लिए विचार नहीं किया जायेगा।

# महेवाघाट की हिनौता चौकी क्षेत्र में फिर हुई लगभग 18 लाख की चोरी

**कौशाम्बी।** अभी निखोदा गांव थाना महेवा घाट में घटित 35 लाख की चोरी की घटना लोगों के जेहन से उतर नहीं पाई थी कि बेखौफ चोरों ने थाना क्षेत्र के ही कुम्हियावा गांव में लगभग 18 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। सूत्रों की माने तो निखोदा गांव की चोरी में मुख्य भूमिका निभाने वाले मुख्य चोरों को जिस तरीके अभय दान दिया गया उससे चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद नजर आ रहे और क्षेत्र में घूम घूमकर चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है महेवा घाट थाना क्षेत्र के कुम्हियावा गांव में बीती रात राकेश कुमार त्रिपाठी के घर पीछे के रास्ते सेंध काटकर घर में घुसे चोरों ने घर में रखें व्यापार के लगभग 600000 सहित नई नवेली दुल्हन के समस्त जेवरात व राकेश की पत्नी के नकदी व जेवरात चोर उठा ले गए। वही घर के पीछे से भागे चोरों ने घर से कुछ ही दूरी पर चोरी किए गए संदूक व सूटकेस को खेतों में फेंक कर नौ दो ग्यारह हो गए। लोगों की माने तो महेवाघाट थाना क्षेत्र के ही निखोदा गांव में विगत मार्च के महीने में 35 लाख की चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया था। जिस पर चोरों के प्रति स्थानीय पुलिसिया प्रेम जिस प्रकार जनता को देखने को मिला उससे कहीं न कहीं चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद है। चोर जिस प्रकार घूम घूम कर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं वहीं स्थानीय पुलिस ऐसी घटनाओं पर सिर्फ पहेली बुझाती नजर आ रही है। पीड़ित की माने तो घर के पीछे के रास्ते घुसे चोरों ने जहां राकेश की पत्नी के संदूक में रखे समस्त जेवरात व 50000 नकदी व घर में रखे मील के 350000 तथा उनके बड़े भाई के गल्ला के व्यापार के सवा लाख रुपए तथा उनके छोटे भाई के 50000 सहित घर में आई नई नवेली दुल्हन जो अभी हाल ही में मायके चली गई थी के समस्त जेवरात व नकदी उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि उसके घर से 6 लाख की नगदी सहित घर में रखे लगभग 1200000 रुपए के गहने चोरों ने पार कर दिया। जिसकी सूचना उनके द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई। ज्ञात हो कि महेवाघाट क्षेत्र के निखोदा गाँव की 35 लाख की चोरी के मुख्य अभियुक्त अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है,और पुलिस लगभग 5 लाख रु0 तक के गहने बरामद कर अपनी पीठ थपथपा रही है। नतीजन पुलिसिया आंखमिचोली से बेखौफ चोर लोगो को अपना निशाना बनाते हुए खुल्लमखुल्ला चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है।

# डीसीएम से भिड़ा कंटेनर चालक सहित खलासी घायल

**घायलों का नजदीकी अस्पताल में चल रहा इलाज**

**अझुवा कौशांबी** राष्ट्रीय राजमार्ग अझुवा भोला चौराहा के पास पर आगे जा रहे डीसीएम से पीछे चल रहा कांटेनर चालक भिड़ गया। जिसमें कंटेनर के चालक और कन्डेक्टर घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कस्बे के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है। घटनाक्रम के मुताबिक अझुवा कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रयागराज कानपुर लेन के भोला चौराहा पर आगे चल रही डीसीएम चालक के द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे चल रहा कांटेनर चालक भिड़ गया। जिसमें चालक रवि भूषण यादव पुत्र दिनेश कुमार यादव निवासी समस्तीपुर बिहार और खलासी विक्रम सिंह पुत्र उजागर निवासी उपरोक्त घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां दोनों की हालत सामान्य बताई जा रही है। घायल चालक रवि भूषण यादव ने बताया की वह पटना से खली लादकर गुड़गांव हरियाणा जा रहा था कि भोर में 5 बजे दुर्घटना हो गई। फिलहाल दोनो घायलों की हालत सामान्य है।हादसे का कारण राष्ट्रीय राजमार्ग में बने ब्रेकर को बताया जा रहा है।

# फत्तेपुर बेला और नारा में बनाया जाए स्वास्थ्य उपकेंद्र : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

## नए स्वास्थ्य उपकेंद्र की मांग को लेकर सीएमओ को जिला पंचायत सदस्य ने सौंपा मांगपत्र



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने गुरुवार को जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र को ग्राम नारा एवं ग्राम फत्तेपुर (बेला) में नए स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण को लेकर एक मांगपत्र सौंपा। सौंपे गए मांगपत्र में उक्त दोनों गांवो में नए स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाने की मांग की। गुरुवार को जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुष्पेंद्र से मुलाकात कर सिराथू ब्लॉक के गांव नारा एवं गांव फत्तेपुर (बेला) में नए स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण के लिए मांग की। अजय सोनी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशांबी को बताया कि सिराथू ब्लॉक के दक्षिणी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी है जिसके चलते लोगों को इलाज के लिए दूर दूर तक जाना पड़ता है। इसी के साथ अजय सोनी ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए मेरे द्वारा पूर्व में भी आवाज उठाई गई थी। पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ के सी रॉय को भी मांगपत्र सौंपा था। साथ ही पूर्व वर्ष में भी एक मांगपत्र दिया गया था, परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। आगे कहा कि इस बार पुनः मांगपत्र दिया जा रहा है। मांगपत्र स्वीकार करते हुए सीएमओ ने मांगपत्र को संज्ञान लेने एवं शासन तक मांग पहुंचाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर रामेश्वर यादव, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।

# विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई तक

अखंड भारत संदेश

## मुख्य विकास अधिकारी ने की विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं दस्तक अभियान तथा डेगूं से बचाव व नियन्त्रण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं दस्तक अभियान तथा डेगूं से बचाव व नियन्त्रण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार ने बताया कि शासन के निदेशानुसार विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान दिनांक 01 जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक व दस्तक अभियान दिनांक 17 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि संचारी रोंगो तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियन्त्रण तथा त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है। दस्तक अभियान के तहत आशा एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगें से प्रभावित लोगों की सूचना प्राप्त होने पर उस व्यक्ति का नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर डिजिटल अपलोड करेंगी। इसके साथ ही आशा एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा बुखार एवं इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस, कुपोषित बच्चों तथा ऐसे मकानों की सूची जहॉ घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो, तैयार कर उपलब्ध करायी जायेंगी, जिससे आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 अनुपमा मिश्रा ने बताया कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा कार्य किया जाना है। चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार केसेज की निगरानी (सर्विलान्स)। फ्रन्ट लाइन वर्कर्स द्वारा उपलब्ध करायी गयी क्षय रोग लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूची में रोगियों के लक्षण के अनुसार क्षय रोग के लिए जॉच की व्यवस्था। वाहक नियंत्रण गतिविधियॉ-ग्रामीण क्षेत्रों में वाहक के घनत्व का आंकलन, स्त्रोतों में कमी, लावारौधी गतिविधियॉ तथा आवश्यकतानुसार फॉगिंग आदि कार्यवाही की जायेगी। दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टरजनित रोगों तथा जल जनित रोगों के विषय में प्रचार-प्रसार एवं व्यवहार परिवर्तन गतिविधियॉ की जायेंगी। इसी प्रकार नगर विकास विभाग द्वारा-नगरीय क्षेत्रों में वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों, खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करना। खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था, नालियों/कचरों की सफाई करवाना। शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग करवाना एवं सड़कों के किनारे उगी वनस्पतियों को नियमित रूप से हटाया जाना आदि कार्यवाही की जायेंगी। पंचायतीराज विभाग/ग्राम विकास विभाग द्वारा -ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों के विषय में निरन्तर जागरूकता स्थापित करना। ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, हॉथ धोना, शौचालय की सफाई तथा घर से जल निकासी के लिए जन-जागरण के लिए प्रचार-प्रसार वी0एच0एस0एन0सी0 के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों के रोकथाम के लिए ह्लक्या करें, क्या न करेंह्व का सघन प्रचार-प्रसार किया जायेंगा। पेयजल श्रोतों/संसाधनों से शौचालयों की दूरी के उपाय, शौचालयों/सीवर से पेयजल प्रदूषित न होने देने के लिए आवश्यक उपाय, जलाशयों एवं नालियों की नियमित सफाई, ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा फण्ड से एण्टीलार्वा छिड़काव की व्यवस्था, जल निकासी एवं साफ-सफाई, वाटर सील्ड शौचालयों की आवश्यकता, ग्राम स्तर पर कचरा निस्तारण एवं प्रबन्धन व्यवस्था का विकास एवं सभी संवेदनशील ग्रामों में स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत ग्रामों में प्रत्येक मकान में शौचालय का निर्माण कर ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त बनाना आदि किया जायेगा। पशु पालन विभाग द्वारा-सूकर पालकों को अन्य व्यवसाय जैसे-पोल्ट्री उद्योग, को अपनाने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करना, यथासंभव सूकरबाड़े को मानव आबादी से दूर स्थापित करवाना एवं सूकर पालकों को सूकर बाड़े की साफ-सफाई, कीटनाशक छिड़काव एवं मच्छररोधी जाली से ढकने के लिए प्रशिक्षित किया जाना आदि किया जायेगा। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ऑगनबाड़ी कार्यत्रियों के द्वारा अपने क्षेत्र के समस्त कुपोषित तथा अति कुपोषित बच्चों की सूची बनाकर उनको उचित पोषाहार उपलब्ध कराना तथा आवश्यकता होने पर पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर उपचार तथा पोषण पुनर्वास के लिए भेजना एवं आशा कार्यकर्त्री द्वारा संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के लिए क्षेत्र में सम्पादित की जा रही समस्त गतिविधियों एवं गृह भ्रमण में ऑगनबाड़ी कार्यकत्री आशा कार्यकर्त्री के साथ रहते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करना आदि की जायेंगी।शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों द्वारा अभिभावकों का दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों से बचाव, रोकथाम एवं उपचार के लिए संवेदीकरण किया जायेंगा, विशेषकर सुरक्षित पीने का पानी, शौचालय का प्रयोग, खुले में शौच के नुकसान पर जोर दिया जाय, हर बुखार खतरनाक हो सकता है, दिमागी बुखार के कारण क्या है, बुखार होने पर क्या करें, क्या न करें के विषय में जागरूक किया जायेंगा एवं छात्रों की गतिविधियों में उनके अभिभावकों की भी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए इस अभियान के लिए छात्रों को दिये गये असाइनमेंट्स, यथा-पोस्टर, निबंध इत्यादि पर अभिभावकों से भी दो पंक्तियों की टिप्पणी लिखने का आग्रह किया जाये आदि कार्यवाही की जायेगी। दिब्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जनपद स्तर पर स्थापित डिस्ट्रिक्ट डिसेबिलिटी रिहैबिलिटेशन सेन्टर का सुदृढ़ीकरण किया जायेंगा, जिससे इन विकलांग बच्चों को इस योग्य बनाया जा कें कि वे अन्य शिक्षा संस्थानों में सामान्य बच्चों के साथ ही शिक्षा ग्रहण कर सकें सहित आदि कार्यवाही की जायेंगी। कृषि एवं सिंचाई विभाग द्वारा जमे हुए पानी में मच्छरों के प्रजनन को रोकने तथा सिंचाई के वैकल्पिक उपायों पर अपनी तकनीकी सलाह देना, मच्छर रोधी पौधों का उगाया जाना एवं खेतों में मच्छरों के प्रजनन को रोकने/कम करने के लिए नई तकनीकों के प्रयोग के लिए मदद उपलब्ध कराना आदि तथा उद्यान विभाग द्वारा सार्वजनिक उद्यानों एवं विद्यालयों में मच्छर विकर्षी पौधों का रोपण आदि किया जायेंगा। सीडीओ ने सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को शासन के आदेशानुसार कार्ययोजना बनाकर अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यों को जिम्मेदारीपूर्वक सम्पादित करने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला पंचातयराज अधिकारी एवं सभी ई0ओ0 को अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा कहीं पर भी जल भराव न होने देंने आदि कार्यवाही कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को पी0ए0 सिस्टम से आमजन को जागरूक करने एवं विशेष साफ-सफाई के साथ ही फॉगिंग एंव एण्टीलार्वा का छिड़काव नियमित रूप से कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि दस्तक अभियान शुरू करने से पहले गॉव में मुनादी अवश्य करायी जाय, जिससे संचारी रोगों के प्रति जन-जागरूकता हो सकें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को डेंगू रोग से बचाव एवं नियन्त्रण के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

संपादकीय

# धार्मिक उन्माद पसंद नहीं

**अशोक**

**भारत** सहित पूरी दुनिया में जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा, संप्रदाय, गोत्र आदि को लेकर किसी न किसी रूप में उथल-पुथल मची हुई है। उथल-पुथल के कारणों पर बारीकी से यदि नजर डाली जाये तो स्पष्ट रूप से देखने में आता है कि उथल-पुथल का सबसे प्रमुख कारण धार्मिक उन्माद है। जहां तक भारत की बात है तो यहां का स्वरूप धर्मनिरपेक्ष है किन्तु उथल-पुथल न हो, इसके लिए आवश्यकता इस बात की है कि सभी धर्म के लोग सभी धर्मों का सम्मान करें और दूसरे धर्म में हस्तक्षेप एवं तोड़-फोड़ की कोशिश न करें। इसके अतिरिक्त एक महत्वपूर्ण बात यह है कि सोचने-समझने का नजरिया सबका इंसानियत एवं मानवता के आधार पर हो।वैसे भी देखा जाये तो विभाजन की कोई सीमा नहीं है। उदाहरण के तौर पर जब कोई व्यक्ति विदेश में जाता है तो उसकी पहचान उसके अपने देश से होती है और जब उसके देश में होता है तो उसकी पहचान अपने प्रांत से होती है। व्यक्ति जब अपने प्रांत में होता है तो उसकी पहचान जिले, तहसील, ब्लाक एवं गांव से होती है। जब गांव की बात आती है तो उसकी पहचान परिवार, कुल-खानदान एवं गोत्र के आधार पर होती है।कहने का आशय यह है कि विभिन्न परिस्थितियों में व्यक्ति की पहचान विभिन्न रूपों में होती है किन्तु अंत में उसकी पहचान एक इंसान के रूप में होती है। इसी प्रकार धार्मिक एवं जातीय आधार पर व्यक्ति के अस्तित्व की चर्चा की जाये तो लोग पहले धार्मिक आधार पर विभाजित होते हैं। उसके बाद जातीय आधार पर, फिर विभाजित होते-होते कुल, खानदान एवं गोत्र तक पहुंच जाते हैं। अंततः विभाजित होते-होते एक दिन ऐसा भी आता है जब पति-पत्नी भी आपस में अलग-अलग हो जाते हैं।

यह बात सरलता से कही जा सकती है कि भारत में जिस प्रकार से धार्मिक उन्माद बढ़ रहा है उससे राष्ट्रीय एकता को ही गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। इसके साथ ही हमें यह भी विचार करना होगा कि धर्मांधता को समाप्त करके हम किस प्रकार सभी धर्मों के लोगों के भीतर वैज्ञानिक सोच को पैदा करें। इस सन्दर्भ में हमें सबसे पहले धार्मिक कट्टरता पैदा करने वाले संस्थानों पर संविधान के प्रावधानों के तहत लगाम कसनी होगी। यह लगाम निरपेक्ष रूप से कसी जानी चाहिए जिससे प्रत्येक धर्म के अनुयायी नागरिक की पहली पहचान भारतीय ही हो सके। इस मामले में किसी भी मजहब को कोई रियायत नहीं दी जा सकती। आजादी के बाद हमने जिस धर्मनिरपेक्षता को स्वीकारा, उसका मतलब किसी भी मजहब के लोगों का तुष्टीकरण नहीं था बल्कि प्रत्येक धर्म को एक समान दृष्टि से देखना था। भारत में यह कभी स्वीकार्य नहीं हो सकता क्योंकि यहां की संस्कृति ही मानवीयता को सर्वोच्च पायदान पर रखने वाली संस्कृति है। क्या इसका प्रमाण स्वयं ख्वाजा की दरगाह नहीं है जहां हिन्दू यह जानते हुए भी एक मुस्लिम फकीर की मजार पर चादर चढ़ाने सिर्फ इसलिए जाते हैं कि उसने कभी मानव कल्याण का मार्ग अपनाया था। किसी भी धर्म के आराध्य के विरुद्ध गलत टिप्पणी करना भी भारत की संस्कृति नहीं रही है। इस देश ने तो अनीश्वरवादी धर्मों के प्रवर्तकों को भी भगवान की संज्ञा दी है।भारत में जिस प्रकार से धार्मिक उन्माद बढ़ रहा है उस पर तुरन्त नियन्त्रण किये जाने की जरूरत है क्योंकि इसमें यदि और इजाफा होता है तो उसके भयंकर परिणाम हो सकते हैं जिनसे राष्ट्रीय एकता को ही गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। इसके साथ ही हमें यह भी विचार करना होगा कि धर्मांधता को समाप्त करके हम किस प्रकार सभी धर्मों के लोगों के भीतर वैज्ञानिक सोच को पैदा करें। इस सन्दर्भ में हमें सबसे पहले धार्मिक कट्टरता पैदा करने वाले संस्थानों पर संविधान के प्रावधानों के तहत लगाम कसनी होगी। यह लगाम निरपेक्ष रूप से कसी जानी चाहिए जिससे प्रत्येक धर्म के अनुयायी नागरिक की पहली पहचान भारतीय ही हो सके। इस मामले में किसी भी मजहब को कोई रियायत नहीं दी जा सकती। आजादी के बाद हमने जिस धर्मनिरपेक्षता को स्वीकारा, उसका मतलब किसी भी मजहब के लोगों का तुष्टीकरण नहीं था बल्कि प्रत्येक धर्म को एक समान दृष्टि से देखना था।

आज आवश्यकता इस बात की है कि लोग किसी भी तरह के उन्माद से बचें, क्योंकि उन्माद से सिर्फ समस्याएं पैदा होंगी और उससे किसी भी समस्या का समाधान होने वाला नहीं है। वैसे भी देखा जाये तो जब से सृष्टि की स्थापना हुई है तब से लेकर आज तक जब भी धर्म पर अधर्म भारी पड़ा है तब-तब किसी न किसी महापुरुष ने धरती पर अवतरित होकर धर्म की रक्षा की है। यहां पर धर्म का आशय हिंदू, मूस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य किसी धर्म से नहीं है बल्कि असत्य पर सत्य, हिंसा पर अहिंसा की विजय से है। इंसानियत एवं मानवता की रक्षा हो, उसे धर्म कहा जाता है। धार्मिक आधार पर सबकी पूजा-पद्धति अलग-अलग हो सकती है किन्तु ईश्वर तो सभी के लिए एक ही है, बस उस तक पहुंचने के रास्ते अलग-अलग भले ही हैं।

त्रेता युग में जब अधर्म बढ़ा तो प्रभु श्रीराम को धरती पर स्वयं आना पड़ा और उन्होंने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना की। इसी युग में महा प्रतापी रावण एवं बाली जैसे योद्धा प्रभु श्रीराम के हाथों मारे गये। इसी तरह द्वापर युग में अधर्म की अति होने पर नारायण को भगवान श्रीकृष्ण के रूप में आना पड़ा। भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत युद्ध के माध्यम से अधर्मियों का नाश किया और धर्म की स्थापना की। पितामह भीष्म, गुरु द्रोणाचार्य एवं दानवीर कर्ण जैसे योद्धा इसलिए वीरगति को प्राप्त हुए क्योंकि वे दुर्योधन जैसे अधर्मी के साथ खड़े थे। बात सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है बल्कि धर्म की स्थापना हेतु समय-समय पर हिरण्यकश्यप एवं कंस जैसे आततायियों का नाश करने के लिए भी नारायण को पृथ्वी लोक पर आना पड़ा है। द्रौपदी की लाज बचाने के लिए नारायण को स्वयं सामने आना पड़ा। इन सभी मामलों में अधर्म पर धर्म की स्थापना धार्मिक आधार पर या किसी विशेष पूजा-पद्धति के आधार पर नहीं हुई थी। त्रेता एवं द्वापर युग में धर्म की स्थापना का आधार ही कुछ और था किन्तु आज जो कुछ भी हो रहा है, उसका स्वरूप निहायत ही दूषित हो गया है।

# गीता प्रेस को पुरस्कार पर राजनीति ठीक नहीं!

**सुनील कुमार महला**



**हाल** ही में गीता प्रेस गोरखपुर गांधी शांति पुरस्कार मिलने की वजह से चर्चा में है। भारत सरकार ने समाज की सेवा करने के लिए गीता प्रेस को वर्ष 2021 का गांधी शांति पुरस्कार देने का निर्णय लिया है, यह बहुत ही काबिले तारिफ कदम है क्यों कि आजादी के बाद से गीता प्रेस हमारे देश की सनातनी परंपराओं, हमारी संस्कृति की गरिमा को बनाए रखते हुए लगातार विभिन्न धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन कर बहुत ही शानदार कार्य कर रही है। जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में हमारे देश के संस्कृति मंत्रालय ने यह घोषणा की है कि 2021 का गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को " अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान" के लिए दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस पुरस्कार में एक करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र, एक पट्टिका और एक उत्तम पारंपरिक हस्तशिल्प/हथकरघा वस्तु शामिल किया जाता है। पाठकों को यहां यह भी जा नकारी देना चाहूंगा कि गांधी शांति पुरस्कार भारत सरकार द्वारा 1995 में महात्मा गांधी की 125 वीं जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी द्वारा समर्थित आदर्शों को श्रद्धांजलि के रूप में स्थापित एक वार्षिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार राष्ट्रीयता, नस्ल, भाषा, जाति, पंथ या लिंग की परवाह किए बिना सभी व्यक्तियों के लिए खुला है। वास्तव में, विकीपीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार गीताप्रेस या गीता मुद्रणालय, विश्व की सर्वाधिक हिन्दू धार्मिक पुस्तकें प्रकाशित करने वाली संस्था है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश राज्य के गोरखपुर शहर के गीता प्रेस रोड क्षेत्र में स्थित एक भवन में धार्मिक पुस्तकों के प्रकाशन और मुद्रण का काम कर रही है। जानकारी देना चाहूंगा कि गीता प्रेस भारत के सबसे पुराने प्रकाशनों में से एक है और शायद ही इस देश का कोई व्यक्ति होगा, जिसे इस प्रतिष्ठित प्रेस के बारे में जानकारी नहीं होगी।

यहां जानकारी देना चाहूंगा कि इसकी स्थापना समाजसेवी संस्थापक जयदयाल गोयंदका ने वर्ष 1923 में 29 अप्रैल के दिन कोलकाता में की थी। घनश्याम दास गोयनका और साहित्यकार हनुमान दास पोद्दार का गीता प्रेस की स्थापना में मुख्य योगदान रहा है। वर्ष 2023 में गीता प्रेस के 100 साल पूरे हो गए हैं। गीता प्रेस प्रकाशन की खासियत यह है कि यह धार्मिक पुस्तकों को बेहद कम दाम पर उपलब्ध कराती है, जिससे इन पुस्तकों की पहुंच देश के घर-घर, देश के कोने कोने तक आज सुनिश्चित हो सकी है। सच तो यह है कि आज गीता प्रेस हिंदू धार्मिक ग्रंथों की दुनिया की सबसे बड़ी पब्लिशर है। अभी इसके विक्रय केंद्र भारत और नेपाल में कई जगहों पर हैं। भारत के विभिन्न स्थानों यहां तक कि विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर भी गीता प्रेस की पुस्तकें आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं और इन पुस्तकों के रेट इतने अधिक वाजिब हैं कि कोई भी इनके रेट देखकर हैरान रह जाता है। कम रेट में अच्छी छपाई व बढ़िया क्वालिटी के पेपर पर पुस्तकें उपलब्ध कराना गीता प्रेस की विशेषता रही है।

यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि यह एक गैर-लाभकारी प्रकाशन है और यही कारण है कि गीता प्रेस ने गांधी शांति पुरस्कार के साथ मिलने वाले 1 करोड़ रुपये की बड़ी राशि को भी लेने से मना कर दिया है। प्रेस का इस संबंध में यह कहना है कि दान नहीं लेना उसकी नीति का एक हिस्सा है। बताया गया है कि धनराशि नहीं लेने का निर्णय गीता प्रेस की परंपरा और सिद्धांतों के निर्वहन क्रम में आपसी सहमति से लिया गया निर्णय है। गीता प्रेस के बारे में यह बात सभी जानते हैं कि गीता प्रेस कोई अनुदान,चंदा या पुरस्कार की धनराशि नहीं लेती, क्यों कि गीता प्रेस का यह मानना है कि चंदा या अनुदान देने वाली संस्थाओं का जीवन सुदीर्घ नहीं होता है। इस संबंध में जानकारी देना चाहूंगा कि कुछ समय पहले कर्मचारियों के आंदोलन के चलते कुछ समय के लिए प्रेस को बंद करना पड़ा था लेकिन उस समय प्रेस ने अपने बैंक खाते तक को भी मात्र इसलिए बंद कर दिया था ताकि कोई आर्थिक सहायता या चंदा खाते में न भेज दें। बहुत से स्थानों से इसके लिए अनुरोध भी किया गया था लेकिन उस आग्रह को सम्मान के साथ अस्वीकार कर दिया गया था और यह परंपरा गीता प्रेस में आज भी कायम है।


यह हमारे देश के लिए अत्यंत गौरव की बात है कि अपने 100 सालों के इतिहास में गीता प्रेस ने 41.7 करोड़ पुस्तकों का प्रकाशन किया है, जो कि अपने आप में एक बहुत बड़ी संख्या है। जानकारी मिलती है कि गीता प्रेस के पास 3000 से ज्यादा धार्मिक व समाजिक महत्व के पुस्तकों का विशाल संग्रह है, जिनका प्रकाशन 14 विभिन्न भाषाओं में किया जाता है। गीता प्रेस ने अब तक भागवद गीता की 16.21 करोड़ कॉपी की बिक्री की है।इसके बाद 11.73 करोड़ कॉपी के आंकड़े के साथ गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरित मानस और हनुमान चालीसा का स्थान है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, गीता प्रेस की सालाना बिक्री 2016 में 39 करोड़ रुपये रही, जो 2021 में 78 करोड़ रुपये पर पहुंच गई. 2022 में गीता प्रेस की बिक्री 100 करोड़ रुपये से ज्यादा रहने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि गीता प्रेस की वर्तमान में देशभर में 20 शाखाएं हैं और यह हर महीने लगभग 500 टन पेपर छापते हैं। इस प्रेस में रोजाना छोटी-बड़ी पुस्तकें मिलाकर कुल 70 हजार किताबें पब्लिश होती हैं। इसके अलावा वेबसाइट पर 100 से ज्यादा ऐसी किताबें हैं, जिन्हें कोई भी व्यक्ति मुफ्त में डाउनलोड कर पढ़ सकता है। गीता प्रेस ने पिछले साल यानी 2022 में लगभग 87 करोड़ रुपए की किताबें बिकीं थीं और इस साल अब तक 111 करोड़ रुपए की किताबें बिक चुकी हैं।गीता प्रेस में प्रकाशित महिला और बालोपयोगी साहित्य की 10.30 करोड़ प्रतियों पुस्तकों की बिक्री हो चुकी है।

आंकड़े बताते हैं कि गीता प्रेस की लोकप्रिय पत्रिका कल्याण की हर माह 2.30 लाख प्रतियां बिकती हैं। गीता प्रेस की पुस्तकों की माँग इतनी ज्यादा है कि यह प्रकाशन हाउस मांग पूरी नहीं कर पा रहा है। एक आंकड़े के अनुसार हर रोज 50,000 से ज्यादा किताबें बेची जाती हैं। दुनिया में किसी भी पब्लिशिंग हाउस की इतनी पुस्तकें नहीं बिकती हैं। धार्मिक किताबों में आज की तारीख में सबसे ज्यादा माँग रामचरित मानस की है। आंकड़े बताते हैं कि कुल कारोबार में 35 फीसदी योगदान रामचरित मानस का है। इसके बाद 20 से 25 प्रतिशत का योगदान भगवद्गीता की बिक्री का है। यहां रूचिकर तथ्य यह है कि गीता प्रेस की पुस्तकों में हनुमान चालीसा, दुर्गा चालीसा और शिव चालीसा की कीमत एक रुपये से शुरू होती है। गीता प्रेस के कुल प्रकाशनों की संख्या 1,600 है। इनमें से 780 प्रकाशन हिन्दी और संस्कृत में हैं। शेष प्रकाशन गुजराती, मराठी, तेलुगू, बांग्ला, उड़िया, तमिल, कन्नड़, अंग्रेजी और अन्य भारतीय भाषाओं में हैं। रामचरित मानस का प्रकाशन नेपाली भाषा में भी किया जाता है। गीता प्रेस गोरखपुर द्वारा कल्याण (हिन्दी मासिक) और कल्याण-कल्पतरु (इंग्लिश मासिक) का प्रकाशन भी होता है। सच तो यह है कि गीता प्रेस को लोकप्रिय बनाने में भागवद गीता, रामचरित मानस और हनुमान चालीसा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। बेहतरीन छपाई, आंखों को सुहाना लगने वाला मोटा कलर्ड फोंट, कागज की अच्छी क्वालिटी व पुस्तकों का सस्ता होना गीता प्रैस की विशेषता है। कोई भी आयु वर्ग का व्यक्ति गीता प्रेस की पुस्तकों को आसानी से, सहजता से पढ़ सकता है, क्यों कि इसका फोंट साइज वाकई बहुत ही शानदार व बेहतरीन बनाया गया है और धार्मिक पुस्तकों में छपे चित्रों का तो कहना ही क्या है, ये बहुत ही सुंदर और बेहतरीन हैं। गीता प्रेस गोरखपुर के पत्रों और उसकी कल्याण पत्रिका के घर-घर पहुंचने का कारण यह है कि यह प्रेस केवल लाभ- हानि के बिना ही पुस्तकों की बिक्री करती है। शायद यही कारण भी है कि आज घर-घर में हनुमान चालीसा, गीता और रामायण की प्रतियां आसानी से मिल जाती हैं लेकिन यह बहुत ही दुखद है कि गीता प्रेस गोरखपुर अनावश्यक राजनीतिक विवाद में घिरता नजर आ रहा है।

# लिबरल के निशाने पर मनोज मुंतशिर क्यों?

**राज सक्सेना**





**सिनेमेटोग्राफी** की दुनिया से अनजान व्यक्ति सिनेमा के वारे में केवल उतना जानता है, जितना वह पर्दे पर चलचित्र के रूप में देखता है। इससे अधिक अगर जानता भी है तो वह भी उसे पर्दे पर ही लिख कर दिखाया जाता है कि इस फ्रेमवर्क का निमार्ता कौन है, फाइनेंसर कौन है, डायरेक्टर कौन है,स्क्रीनप्ले,डायलौग राइटर कौन है, गीत लिखने वाला इत्यादि कौन हैं और इसके मुख्य कलाकारों की भूमिका में कौन कौन हैं। किन्तु उसे यह पता नहीं होता कि इस पूरे खेल में जो वह चित्रपट(पर्दे) पर देखता उसे पर्दे तक लाने में यूं तो हजारों लोगों की एक टीम की भूमिका होती है। मगर इन भूमिकाओं में मुख्यरूप से चलती किसकी है।इसकी जानकारी समाज के बहुत कम लोगों को होती है।

एक फिल्म बनाने की शुरूआत में प्रमुख भूमिका होती है फिल्म निमार्ता की जो फिल्म बनाने का निश्चय करता है। वह फिल्म में पैसा लगाने के लिए एक या अधिकफायनेंसर ढूँढ़ता है, अगर उसके पास कोई कहानी नहीं है तो वह किसी कहानीकार की कहानी खरीदता है या अपनी कल्पना के आधार पर एक स्टोरी राइटिंग टीम बनाता है। कहानी के आधार पर स्क्रीनप्ले और डायलाग राइटरलेता है और फिर कहानी के आधार पर उस कहानी के क्षेत्र में ख्यातिप्राप्त डायरेक्टर या उसके तेजतर्रार असिस्टेंट को डायरेक्टर के रूप में साइन करता है। चूंकि इन सबमें पैसा लगाने वाले फाइनेंसर का की रोल होता है इसलिए उसकी राय भी मायने रखती है, जिसे हर स्तर पर लिया जाता है।

अब अगर हीरो, हीरोइन तय नहीं किये गये हैं तो निमार्ता, निर्देशक और फाइनेंसर तीनों मिलकर प्रमुख भूमिकाओं के नाम तय कर उन्हें साइन करते हैं। फिर सारे कलाकारों और अन्य कार्मिकों की नियुक्तियां विभिन्न माध्यमों से की जाती हैं इस बीच कहानी के स्क्रीनप्ले पर काम होता है और उसके बाद डायलाग राइटर उसके डायलाग निमार्ता, निर्देशक और कभी कभी फाइनेंसर के कड़े निदेर्शों के अनुपालन में तैयार करता है। स्क्रीनप्ले के बाद गीत लिखे जाते हैं और फिल्म का प्रारूप तैयार हो जाता है।

यहाँ ध्यान देने की बात यह है कि चूंकि पूरी पर्दे की कहानी की परिकल्पना निर्देशक के दिमाग में होती है इसलिए यह सब काम केवल और केवल उसकी परिकल्पना के अनुसार होता है केवल थोड़ी बहुत निमार्ता और फाइनेंसर की चलती है। क्योंकि फिल्म बनाने में रिस्क बहुत है और हर आदमी चाहता है कि फिल्म सफलता के झंडे गाढ़े।इसलिए निर्देशक को पूरी छूट दी जाती है यदाकदा ही दखल किया जाता है। यहाँ तक कि बड़े से बड़े हीरो-हीरोइन भी निर्देशक से सर करके बात करते हैं और एक एक सीन का कई कई दिन रीटेक भी देते हैं। कई बार तो ऐसा भी होता है कि निर्देशक स्क्रीनप्ले या डायलाग में मौके पर ही स्टूडियो में बदलाव कर देते हैं। कुल मिला कर पूरी फिल्म बनाने में निर्देशक का सबसे बड़ा रोल होता है और पूरी फिल्म में सब कुछ उसकी इच्छा से होता है कोई भी अपनी मर्जी नहीं चला सकता।

इतना सब कहने का मतलब यह है कि यदि फिल्म आदिपुरुष में कुछ डायलाग अटपटे हैं या वीरवर हनुमान या राम अथवा रावण के रोल में कुछ असामान्य है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी निर्देशक ओम राउत की है। बिना उनकी जानकारी के या उनकी जिद के यह सब हो ही नहीं सकता था। किन्तु वे मौन हैं और मौन बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। पर इस फिल्म में तो और भी बहुत कुछ है। इस फिल्म में निर्माण और डायरेक्शन के अलावा कहानी और स्क्रीनप्ले भी ओम राउत का है। डायलाग बिना उनके इशारे के लिखे नहीं जा सकते। कोई फ्रेम वर्क बिना उनकी हाँ के फिल्माया नहीं जा सकता।कोईभी सीन या डायलाग बिना उनके सामने फिल्माए और ओके किये फिल्म का हिस्सा हो नहीं सकता। फिल्म की फायनल एडिटिंग में डायरेक्टर की हाँ का अहम रोल होता है।फिर मनोज मुंतशिर इस गोरखधंधे में कहां से आ गये।

छन छन कर आयीं खबरों के अनुसार फिल्म के लिए प्रभाष को एक सौ पचास करोड़, सैफ को बारहकरोड़ औरकीर्ति सेनन को तीनकरोड़ मिले। ये लोग कहीं सामने नहीं हैं।खुद ओम राउत जो निर्देशक के साथ निमार्ता भी हैं, वे भी कहीं नहीं दिख रहे। जबकि फिल्म फ्लॉप होने पर भी उनके हाथ में दो सौ करोड़ से ज्यादा आने वालेहैं। मगर आलोचकों के निशाने पर कौन हैं मुन्तशिर। इन्हें कितना मिला होगा अधिक से अधिक एक करोड़। जोउछल उछल कर उड़ते तीर लपक रहे हैं। घटिया ड्रेस बनाया ड्रेस डिजायनर ने, बकवास मेकअप किया मेकअप टीम ने, पात्रों के लिए बकवास चयन रहा भूषण कुमार के टी सीरीज का, पर गाली खा रहे हैं मनोज मुंतशिर। सिनेमा में डायलॉग राइटर की क्याऔकात होतीहै यहतो स्वयं से पूछिये, पिछली पाँच बड़ी फिल्मों में कितने डायलॉग राइटर का नाम जानते हैं आप? किसी का नामयाद है? नहीं होगा।दरअसल मनोज मुन्तशिर ठीक ठाक बोल लेते हैं, शो वगैरह करने लगे हैं, तो थोड़ी सी ख्याति मिल गयी है। ख्याति जितनी बढ़ती है उतना ही उसका लोभ बढ़ता है। इसी लोभ के चक्कर में,मनोज मुंतशिर कैमरे के आगे लगे उछलने। जो काम पीआर टीम को करना था, वह भी मनोज मुंतशिर करने लगे। जो निर्देशक निमार्ता को करना था, वह भी मनोज कर रहे हैं। गंदगी को समेटने की कोशिश कर रहे हैं और बदले में खा रहे हैंगालियाँ। इससे तो अगर वे भी चुपचाप रहते तो या तो गालियाँ पडती ही नहीं, अगर पड़तीं भी तो मुंह छिपाना नहीं पड़ता।मनुष्य गलतियों का पुतला है उससे गलतियां होती हैं। कोई भी व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता कि उससे जीवन में कभी भूल नहीं हुई। सबसे होती है, सबसे होगी और आगे भी होती रहेगी तो इससे निपटने का सबसे कारगरतरीका है कि गलती स्वीकार कर लें और तुरंतमाफीमांग लें। लेकिन यदि व्यक्ति के अंदर अहंकार अंदर तक हो तो वह अपनी भूल स्वीकार नहीं करता, वह उसी पर अड़ा रहता है और एक गलती को ढकने के लिए गलतियों पर गलतियां करता है। इसलिए मनोज मुंतशिर को चाहिए कि वे अपने अहंकार का परित्याग कर अपनी स्थिति स्पष्ट कर अगर उनसे गलती हुयी है तो तुरंत माफी मांग लें वरना यह जनता है जितनी जल्दी चढाती है उससे भी कम समय में उतार भी लेती है।

# राजस्थान भाजपा की गुटबाजी खत्म हो

**रामस्वरूप रावतसरे**

राजस्थान भाजपा गुटबाजी के कारण संकट के दौर से गुजर रही है। अधिकांश कार्यकताओं का मानना है कि पार्टी अभी भी चुनावी मोड में नहीं आ सकी है। जबकि चुनाव में 4 - 5 महीने ही बचे हैं। प्रदेश के ज्यादातर नेता अपनी-अपनी ढपली और अपना-अपना राग की तर्ज पर आंदोलन, प्रदर्शन एवं प्रेस कांफ्रेंस करने में जुटे हैं। प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अधिकांश नेता दूरियां बना रहे हैं। हालांकि प्रदेश कांग्रेस की स्थिति भी कमोबेश ऐसी ही है। लेकिन, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत निजी तौर पर चुनावी तैयारियों के लिहाज से काफी आगे निकल चुके हैं। उनका पूरा फोकस अपनी ब्रांडिंग पर है। वे यह संदेश देने में भी कामयाब रहे हैं कि पूर्व सीएम सचिन पायलट भी उनके आगे बहुत ज्यादा कुछ नहीं कर पा रहे हैं और भविष्य की रणनीति को लेकर भ्रमित हैं। उनके समर्थक औ? कार्यकर्ता भी असमंजस में हैं।

राजस्थान भाजपा में गुटबाजी खत्म करने के लिए दिल्ली तक मंथन चल रहा है। बताया जा रहा हैं कि पार्टी आलाकमान के ना चाहते हुए भी भाजपा के पास पूर्व सीएम वसुंधराराजे को इलेक्शन कैंपेन कमेटी चेयरमैन के नाते आगे करने के अलावा फिलहाल कोई विकल्प नहीं दिख रहा है। राज्य में हालात तो फिलवक्त यही हैं कि वसुंधरा राजे वहां अपना दावा छोड़ने को तैयार नहीं। इसी बीच माना जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व की पसंद एक केंद्रीय मंत्री पर टिकी है। नया नाम सरप्राइज एंट्री है और पीएम नरेंद्र मोदी की भी पसंद है। पार्टी भी उन्हें नई पीढ़ी के नेता के रूप में प्रोजेक्ट करना चाहती है। हालांकि, अभी तक नए नाम का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन सियासी गलियारों में अटकलों का दौर तेज है। इधर सूचना ये भी है कि दिल्ली बीजेपी ऑफिस में पार्टी नेताओं की अहम बैठक हुई। जिसमें आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव पर खास फोकस रहा। इस दौरान पार्टी ने आगे की रणनीति पर चर्चा की और कई फैसले भी लिए हैं। हालांकि, सीएम फेस को लेकर पार्टी नेतृत्व किसी फैसले पर पहुंचता नहीं दिख रहा। वहीं चर्चा इस बात की भी है कि पार्टी नेताओं ने राज्य में कई अहम बदलाव पर भी विचार किया है। कुछ जिलों में जिलाध्यक्ष भी बदले जा सकते हैं।

राजे समर्थकों का दावा है कि राजस्थान में मुख्यमंत्री के लिए उछलकूद करने वाले ज्यादातर नेता बतौर मंत्री अथवा संगठन पदाधिकारी वसुंधराराजे के नेतृत्व में काम कर चुके हैं। इसलिए उनसे बेहतर कोई विकल्प नहीं हो सकता। लेकिन, पार्टी हाईकमान को जो भी निर्णय लेना है। वह जल्दी लिया जाना चाहिए। क्योंकि अब धरातल पर काम करने का वक्त बहुत कम बचा है। इसलिए माना जा रहा है कि अगले एक महीने में भाजपा के राजस्थान प्रभारी, इलेक्शन कैंपेन कमेटी की एक साथ घोषणा करने के साथ ही संगठन महामंत्री भी बदले जा सकते हैं। हालांकि चचाएं मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष सी. पी. जोशी को भी बदले जाने की भी बताई जा रही हैं। कहा जा रहा है कि जिस उद्देश्य के साथ इन्हें अध्यक्ष बनाया गया था। उस पर यह खडे नहीं उतरे हैं। लेकिन, भाजपा के ही कुछ अन्य लोगों का तर्क है कि ऐन चुनाव के मौके पर प्रदेशाध्यक्ष बदलना संभव नहीं है।

भाजपा संगठन से जुड़े लोगों का तर्क है कि चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी को प्रदेश अध्यक्ष इसलिए बनाया था कि वे सबको साथ लेकर चलेंगे और पार्टी में गुटबाजी खत्म हो जाएगी। लेकिन, पिछले दो-तीन महीनों में वे ऐसा कोई प्रभावी कदम नहीं उठा सके।

# प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा का विरोध

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा को लेकर कई पिट्ठु पत्रकारों और मीडिया घरानों में जितना उत्साह देखा जा रहा था, वह तब चौगुना हो गया जब दुनिया के खरबपति व्यापारी, टेस्ला और ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने खुद को मोदीजी का फैन यानी प्रशंसक बता दिया। ऐसा लगा मानो श्री मोदी की विश्व गुरु की छवि पर मस्क की टिप्पणी से आधिकारिक ठप्पा लग गया है। अभी प्रधानमंत्री के प्रवास के दिन जैसे-जैसे बीतते जाएंगे और इसमें उनके कार्यक्रमों की जो खबरें सामने आएंगी, उसके बाद विश्व गुरु का गुब्बारा और बड़ा होता जाएगा, यह तय है। निश्चित ही दुनिया का बड़ा कारोबारी अगर भारत में अपने व्यापार की संभावनाएं देखे और यहां निवेश के लिए सही समय की बात कहे, तो प्रसन्नता होगी। लेकिन इस खुशी में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अंग्रेजों ने भी भारत में व्यापार की संभावनाओं के साथ ही दरवाजे खटखटाए थे और उसके बाद यहां आकर ऐसे जमे कि 2 सौ साल तक हटे ही नहीं। एलन मस्क अगर भारत में निवेश करने की बात करते हैं, यहां अपनी कार का कारखाना खोलना चाहते हैं, तो यह सब वे अपना मुनाफा देखकर ही करेंगे। परोपकार के इरादे से उन्हें निवेश करना होता, तो वे इसके लिए सही वक्त का इंतजार नहीं करते। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद एलन मस्क ने पत्रकारों से चर्चा कर इस बैठक के बारे में बताया। इस दौरान जब उनसे ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी के किसान आंदोलन के दौरान भारत सरकार द्वारा ट्विटर पर दबाव डालने वाले बयान को लेकर सवाल किया गया तो मस्क ने कहा कि स्थानीय नियमों का पालन करने के अलावा ट्विटर के पास कोई विकल्प नहीं है। अगर हम स्थानीय सरकार के कानून का पालन नहीं करेंगे तो हमें वहां काम बंद करना होगा। इस जवाब से एलन मस्क ने जैक डोर्सी के आरोपों की पुष्टि कर दी है। देखने वाली बात ये होगी कि क्या भाजपा के नेता अब एलन मस्क को भी विरोधी की तरह देखेंगे या उनके भारत में निवेश का इंतजार करेंगे।

गौरतलब है जैक डोर्सी ने एक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में शक्तिशाली लोगों के दबाव वाले सवाल पर किसान आंदोलन के दौरान ट्विटर पर पड़ रहे दबाव का जिक्र किया था।

# टाप मोस्ट भू-माफिया है अशोक गुप्ता? अवैध इमारत पर फिर चला हैमर-ड्रिल मशीन, कल से गरजेगा अवैध इमारत पर बाबा का बुलडोजर



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के भू-माफिया के बतौर चिन्हित अशोक गुप्ता पर जिला प्रशासन की गाज गिरने लगी है। उसकी चापलूसीपूर्ण हरकतों से जिला प्रशासन तंग आ गया है। वह कोई न कोई बहानेबाजी कर अवैध निर्माण कार्य पर बुलडोजर चलवाने में आनाकानी का स्वांग करता है। प्रशासन उसकी चालबाजीपूर्ण हरकतों को समझ चुका है।

गुरुवार को जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड रामनाथ रामकिशुन धर्मशाला के आगे व्यवसायिक स्थल पर चित्रकूट क्षेत्र विकास प्राधिकरण की टीम फिर पहुंची। टीम में मौजूद अवर अभियंता आनन्द प्रकाश द्विवेदी आदि ने उसके होटल की अवैध इमारत पर ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू करा दिया है। अशोक गुप्ता ने जिला प्रशासन को भरोसा दिया था कि वह 24 घंटे में स्वतः अवैध इमारत गिरा देगा, लेकिन उसने प्रशासन के साथ धोखाधडी की, वायदे के मुताबिक इमारत गिराने के कोई कार्य नहीं किये। अंततः जिला प्रशासन ने खुद टीम भेजकर अवैध इमारत को गिरवाने की कार्यवाही शुरू कराई।

अवैध इमारत पर हैमर व ड्रिल मशीन से ऊपरी हिस्से को ढहाया जा रहा है। लोगों को उम्मीद है कि कल से बाबा का बुलडोजर इस अवैध इमारत पर जोरों से गरजेगा। अवैध इमारत के सभी तल ढहा दिये जायेंगे। अशोक गुप्ता के होटल के बाद अशोक पब्लिक स्कूल व गौशाला पर भी जिला प्रशासन की भृकुटी टेढी है। जल्द ही उसके सभी अवैध कारोबार पर बुलडोजर चलेगा। जिला प्रशासन उसे जिले का टाप मोस्ट माफिया भी घोषित कर दे तो किसी को ताज्जुब नहीं होना चाहिए।

# भूसं द्वितीय के इंस्पेक्टर निकाल रहे फर्जी ढंग से धनराशि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भूमि संरक्षण इकाई द्वितीय के इं सुनील सिंह पटेल खेत तालाब योजना में फर्जी ढंग से कार्य करा रहे हैं। कई तालाब पहले भी खुदवाकर फर्जी ढंग से भुगतान निकालने का खेल किया था।

गुरुवार को भूमि संरक्षण इकाई द्वितीय के इं सुनील सिंह पटेल के खेल का खुलासा ग्रामीणों ने किया है। ग्रामीणों ने बताया कि खेत तालाब योजना में मानक से कम खुदाई कर फर्जी ढंग से मोटी रकम निकाल रहे हैं। इंस्पेक्टर को सरकार की छवि का कोई ध्यान नहीं है। वह भ्रष्टाचार में इस कदर मस्त हैं कि विभाग को भी बदनाम करने में जुटे हैं।

नमसा योजना में जमकर धांधली की जा रही है। नियमों को ताक में रखकर नमसा योजना का ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है। सरकार की लाखों रुपए की धनराशि जिम्मेदार अधिकारियों ने किसानों से मिलीभगत कर ठिकाने लगा रहे हैं। सूबे की सरकार के सपनों पर भूमि संरक्षण इकाई द्वितीय पानी फेरने में जुटा है। पहले भी लाखों की धनराशि जिम्मेदार अधिकारी डकार गये हैं। प्रसिद्धपुर, कौंडर, नोनार समेत कई गांव में नमसा योजना की धनराशि पर भ्रष्टाचार का खेल जारी है।

# कोटेदार की दुकानें बनेंगी माडल शाप, डीएम ने बैठक कर दिये निर्देश




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने उचित दर दुकानों को माडल शाप के बतौर विकसित करने की बाबत बैठक में कहा कि जिन उचित दर विक्रेताओं की दुकानें संकरी गलियों में हैं, वहां डोर स्टेप डिलीवरी से खाद्यान्न नहीं पहुंच पाता। संबंधित पूर्ति निरीक्षक से ऐसी दुकानों की सूची लेकर उन्हें मॉडल शाप के बतौर विकसित करने को चिन्हित किया है।

गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि 75 ऐसी उचित दर दुकानों को मॉडल शाप के बतौर विकसित करने को सरकारी जमीन आवंटित करने तथा उसमें निर्माण कराने को खंड विकास अधिकारियों व अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए। मॉडल शाप योजना भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। ग्राम पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायतों में उचित दर विक्रेताओं की दुकानों पर मॉडल शाप बनाना है। सीएससी सेंटर स्थापित कर सभी सुविधाएं दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि ये कार्य तत्काल शुरू करें। जहां पर जमीन का चयन नहीं हुआ है, संबंधित एसडीएम से संपर्क कर चयन करायें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, राजापुर बीएन कुशवाहा, जिला पूर्ति अधिकारी संजय मिश्रा समेत सभी खंड विकास अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# युवती को मारपीट कर किया घायल

**बिछवां/मैनपुरी। थाना क्षेत्र** के एक गांव निवासिनी एक युवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वीते चार दिन पूर्व रात में गांव निवासी एक युवक शराब के नशे में मेरे दरवाजे पर आकर गाली गलौज कर रहा था। जब मैंने गाली गलौज करने से मना किया तो उसने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट की। थाना क्षेत्र के गांव नगला भजन निवासी पूजा कुमारी पुत्री मान सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वीते रविवार की रात्रि साढ़े ग्यारह बजे के लगभग गांव निवासी रवि पुत्र मनोज कुमार शराब पीकर आया और मेरे गेट पर गाली गलौज करने लगा। जब मैंने गाली गलौज का बिरोध किया तो उसने अपने दो अन्य साथियों आशीष पुत्र रामनिवास व कप्तान पुत्र अभिलाख को भी बुला लिया। फिर रवि ने घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मेरे सिर में डंडा मार दिया जिससे मेरे सिर में काफी चोट आई है। उसके बाद वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

# जिले में लगायें उद्योग, प्रशासन करेगा सहयोगः डीएम

## उद्योग बन्धु, निवेशकों की हुई बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति एवं जिला स्तरीय एमओयू क्रियान्वयन की बैठक में व्यापारियों से कहा कि प्रदेश के आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों का महत्वपूर्ण स्थान है। इनकी स्थापना को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि एमएसएमई के तहत निजी औद्योगिक पार्कों के विकास योजना लागू हो सके।

गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि इस योजना के तहत इच्छुक निजी प्रवर्तकों ने दस एक-ड़ से 50 एकड़ तक की भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित करने के प्रस्ताव भूमि के स्वामित्व के कागजात एवं आंगणन समेत जिला उद्योग केंद्र को उपलब्ध करायें। चयनित भूमि का उपयोग औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को होना चाहिए। भूमि के मूल्य का 90 फीसदी राज्य सरकार दे रही है। प्रथम तीन वर्षों तक प्रवर्तक को दी गई धनराशि पर एक फीसदी ब्याज ली जाएगी। चैथे वर्ष से कार्पस फंड से दी गई धनराशि पर छह फीसदी साधारण वार्षिक ब्याज लिया जाएगा। पूंजी को वापस करने की अवधि छह वर्ष होगी। योजना में अभी प्रदेश में चार या पांच जिलों से आवेदन हुए हैं। चित्रकूट में भी एक आवेदक ने निवेश किया है। जो भी उद्यमी कार्य के इच्छुक हैं योजना का लाभ लें।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि निवेश मित्रों के पोर्टल पर विभागीय स्तर पर लंबित आवेदनों का तत्काल निस्तारण करायें। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम से कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन के तहत बैंक में लंबित ऋण आवेदन को तत्काल वितरित करें। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र से कहा कि प्रदेश सरकार की ये महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें शहर के भी लोगों के आवेदन करायें। एक जिला एक उत्पाद ऋण सहायता योजना के तहत सीतापुर में सीएफसी के निर्माण में इंडियन बैंक शाखा तरौहा में अभ्यर्थी के आवेदन लंबित है, निस्तारण करायें। योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलायें। यूआरसी पोर्टल पर पंजीयन को शासन से दिये लक्ष्य को अभियान चलाकर पूरा करें। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि योजना में विभिन्न टेंडरों में ईएमडी से छूट बैंकों से व विभिन्न योजनाओं में वरीयता देने का प्राविधान है। शासन ने जल्द सूक्ष्म उद्यमियों को दुर्घटना में पांच लाख रुपए का बीमा देने की व्यवस्था की है। व्यापारियों से कहा कि जिस उद्योग में 20 कर्मचारी से अधिक लोग कार्य कर रहे हैं। उसका पंजीयन श्रम विभाग में करायें। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिए कि एमएसएमई की गाइडलाइन से कैंप लगाकर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दें। सभी बैंक के अधिकारियों से कहा कि जिन उद्यमियों की बैंक संबंधी समस्या है, तत्काल निस्तारण कराएं। जिला उद्योग केंद्र सभी बैंकों को पत्र भेजकर उद्यमियों की बैंकों में लम्बित समस्याओं को एलडीएम व जोनल मैनेजर से संपर्क कर निपटायें। पिछडे जिले चित्रकूट में बरगढ़ में फैक्ट्रियां लगाई जा रही हैं। अधिक से अधिक लोग जिले में आकर उद्योग स्थापित करें। जो भी समस्या होगी, जिला प्रशासन निस्तारण कराएगा।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, सीओ लाइन एसपी सोनकर, सीबीओ डॉ सुभाष चंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत राजापुर केके वर्मा, डीईओ राजेंद्र प्रसाद समेत संबंधित अधिकारी, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केसरवानी, राहुल गुप्ता, अंकित पहारिया, ऋषि आर्य, महेश केसरवानी, निवेशक महेश प्रसाद जायसवाल, फूलचंद कुशवाहा, संजय अग्रवाल समेत व्यापारी आदि मौजूद रहे।

# बिजली कटौती के खिलाफ आप ने प्रदर्शन कर निकाला जुलूस

## मुख्यमंत्री सम्बोधित सौंपा ज्ञापन




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बिजली की अघोषित कटौती को लेकर आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में आप कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। गुरुवार को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में जिला मुख्यालय में आप कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आप का जुलूस शहर की विभिन्न सडकों से गुजरता हुआ एसडीएम सदर कार्यालय पहुंचा। यहां एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में आप जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने कहा कि जनता बिजली कटौती से त्राहिमाम कर रही है। पूरे प्रदेश में बिजली कटौती का संकट लोग झेल रहे हैं। गर्मी से अस्पतालों में लोग भर्ती हो रहे हैं और मौतें हो रही हैं। अकेले पूर्वांचल में सैकड़ों लोगों की मौतें हो चुकी हैं। अस्पतालों में भर्ती मरीज गर्मी से बेहाल होकर भाग रहे हैं। गर्मी से तमाम बीमारियों के लोग शिकार हो रहे हैं। 21वीं सदी में लोगों को बिजली जैसी बुनियादी जरूरत की पूर्ति नहीं हो रही। बिजली आपूर्ति न होने से गर्मी में लोगों की मौत नहीं हत्या हो रही है। भाजपा के मंत्री संवेदनहीन बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार बिना कटौती के 24 घंटे बिजली दे रही है। सूबे की योगी सरकार से लोग जानना चाहते हैं कि जब दिल्ली की जनता को मुफ्त बिना कटौती के 24 घंटे बिजली मिल सकती है तो सूबे की जनता को देश में सबसे महंगी बिना कटौती के 24 घंटे बिजली क्यों नहीं मिल रही। भाजपा ने चुनाव दौरान सूबे की जनता को मुफ्त 24 घंटे बिजली देने का वायदा किया था। ये वायदा जुमला क्यों हो गया। उन्होंने मांग उठाई कि प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति कर गर्मी से लोगों को निजात दिलाई जाये। गर्मी से प्रदेश में हुई मौतों के परिजनों को मुआवजा व सरकारी नौकरी दी जाये। बिजली विभाग में रिक्त पदों को जल्द भरा जाये। जिले के पाठा क्षेत्र में पानी की व्यवस्था कराई जाये। धरना-प्रदर्शन में अविनाश, अंकित सिंह, चंद्र त्रिपाठी, प्रेमचन्द पटेल, नर्वदा प्रसाद यादव, नारेन्द्र कुमार, आशीष त्रिपाठी, राममिलन केवट, जुगुल किशोर, जितेन्द्र गोयल, दिलीप सिंह पटेल, बच्चाराम बौद्ध, लवदीप सिंह पटेल, सन्तोष रैकवार, लवलेश केसरवानी, सन्तोष कुमार, महफूल अहमद, असलम अली, श्यामबाबू त्रिपाठी, सुमन विश्वकर्मा, आभा श्रीवास्तव, राजबहादुर साहू, शिवप्रकाश सिंह आदि शामिल रहे।

# रामलीला भवन में पालिका करायेगी ऐतिहासिक मंचन

## बोर्ड की पहली बैठक में 131 बिन्दुओं पर पारित हुए प्रस्ताव



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका कर्वी के अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में नव निर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक में 25 वार्डों के वार्ड मेम्बरों की मौजूदगी में ईओ लालचन्द्र यादव ने माल्यार्पण कर सभी का स्वागत किया। एजेण्डे के मुताबिक सदन की कार्यवाही 131 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। चर्चा में नगर पालिका के कब्जे में लिए गये रामलीला भवन में भव्य ऐतिहासिक रामलीला कराने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया।

बुधवार को देर शाम हुई बैठक में नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने वार्ड मेम्बरों की मौजूदगी में नगर की साफ-सफाई, पथ प्रकाश व्यवस्था को चैकस रखने, पालिका के नई सीमा विस्तार क्षेत्र में भवनों पर टैक्स निर्धारण को सर्वे कराने, सभी वार्डों में घरों की सूची बनाकर रजिस्टर तैयार करने, पालिका के पार्किंग स्थलों, शौचालयों आदि की खुली नीलामी बोली करने, वार्ड एक से 25 तक जल निकासी, नाला-नाली, सड़कों के निर्माण को प्रत्येक वार्ड में कार्यों के प्रस्ताव, कोठी तालाब पार्क में प्रतिदिन जाने वाले लोगों से 50 रुपए प्रतिमाह एवं कभी-कभी जाने वालों से दस रुपए एवं पांच वर्ष के ऊपर के बच्चों से पांच रुपए प्रतिदिन के हिसाब से शुल्क लेने, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह में दुकानों से सौ रुपए, होटल व मॉल से पांच सौ रुपये प्रतिमाह शुल्क लेने का प्रस्ताव सदस्यों ने सर्वसम्मति से मंजूर किया। कार्य सूची के बिन्दु चार में स्वकर प्रणाली लागू करने के प्रस्ताव को अध्यक्ष समेत सभासदों ने नामंजूर किया। अन्य प्रस्तावों पर पेयजल को हैण्डपम्पों की मरम्मत, पाइप लाइन विस्तार, पालिका कार्यालय के पीछे खाली भूमि पर नए पालिका कार्यालय भवन निर्माण, खोही तिराहे पर तालाब किनारे 35 दुकाने बनाने, पुरानी कोतवाली परिसर/भवन का मलबा नीलामी तथा जनहित में पुरानी कोतवाली के बेहतर प्रयोग, पुरानी बाजार घुस मैदान स्थित रामलीला भवन का संरक्षण पालिका के करने, पारदर्शी, निष्पक्ष प्रभावी ढंग से रामलीला का ऐतिहासिक मंचन कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

पुरानी कोतवाली के पास स्थित चैराहे का सुन्दरीकरण, पालिका की आय बढाने को आवासीय भवनों में दस फीसदी, पालिका की दुकानों में बीस फीसदी टैक्स बढाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। सदन ने मंजूर करते हुए सभी कार्यों एवं पालिका के दैनिक कार्यों को सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने को अधिशाषी अधिकारी एवं अध्यक्ष को अधिकृत किया। बैठक में पालिका के सभी वार्ड मेम्बर सुखदेवी, रानी, नीतू सिंह, पवन कुमार, संदीप, राजकमल वर्मा, राजकुमार राजेश कुमार, विनय कुमार, सुनीता देवी, नीलम, हेमलता, अरुण कुमार, ओंकार कुमार, पूजा, मो लतीफ, बल्लूराम, कान्हा केशरवानी, शकुन्तला गुप्ता, अनुज निगम, शंकर यादव, शैलेन्द्र सोनी, शुभम केशरवानी, सुखरनिया देवी, विनीत पयासी आदि के साथ नगर पालिका परिषद के अवर अभियन्ता संतोष सिंह राठौर, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, प्रधान लिपिक कर्मोत्तम सिंह, राजस्व लिपिक प्रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लेखा लिपिक सुभाष गुप्ता, निर्माण लिपिक ज्ञानगुप्ता, सफाई लिपिक राजेन्द्रराम, प्रकाश निरीक्षक अशरफ खां समेत कर्मचारी मौजूद रहे।

# रामलीला भवन में हर हाल में होगी रामलीला



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** केशरवानी समाज ने बैठक कर निर्णय लिया कि रामलीला भवन में रामलीला का मंचन हर हाल में कराया जायेगा। गुरुवार को बस स्टैण्ड स्थित केशरवानी समाज धर्मशाला में हुई बैठक में केशरवानी समाज के लोगों ने निर्णय लिया कि रामलीला भवन ऐतिहासिक धरोहर है। रामलीला का मंचन होता रहे, इसके लिए एसडीएम सदर की अगुवाई में एक साफ-सुथरी कमेटी गठित की जाये। जिसमें समाज से जुडे लोगों को रखा जाये। रामलीला मंचन से लेकर रामलीला भवन में किसी भी तरह के निर्माण व सुरक्षा को भी कमेटी की सलाह ली जाये। रामलीला भवन के लोहे के बडे-बडे गेट व भगवान के चांदी के मुकुट थे। प्रशासन के जरिये इन सामानों की भी जानकारी ली जाये। पूरे मामले में जो दोषी हों, उसके खिलाफ कार्यवाही की जाये। केशरवानी समाज प्रशासन की कार्यवाही से पूरी तरह संतुष्ट है। बैठक में राकेश केशरवानी, रामप्रकाश गुप्ता, जितेन्द्र, नरेश, किशनलाल, अमित, सौरभ, रामनिरंजन, जगदीश, ज्ञान आदि शामिल रहे।

# दम्पति में सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र ने दम्पति के आपसी विवाद को समाप्त कराकर परिवार टूटने से बचाया।

गुरुवार को राजापुर थाने के सीओ आफिस के बगल की श्रीमती खुशबू पत्नी लवकेश ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति लवकेश पुत्र बृजभूषण उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह ने शिकायतकर्ता की शिकायत को विस्तार से सुनकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों से भविष्य में आपस में विवाद न करने पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति से तालमेल से रहने की सलाह दी। समझौता कराने वाली टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही सुरुचि चैधरी, महिला सिपाही रक्षा यादव शामिल रहीं।

# ठगी का नया अंदाजः जेल बन्दियों के परिजनों से ठगी, जेल अधिकारियों में मचा हड़कंप, एसपी ने जांच का दिया भरोसा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अभी तक आपने लॉटरी लगने और एटीएम कार्ड बंद होने जैसे कई बहानों को लेकर ऑनलाइन ठगी की खबरें खूब सुनी होंगी, लेकिन जिले में ऑनलाइन ठगी का ऐसा मामला सामने आया है कि पुलिस समेत जेल अधिकारियों में भी हड़कंप है।

गुरुवार को इस मामले का खुलासा हुआ। हैलो मैं जेलर बोल रहा हूं, आपका भाई जो जेल में बंद है, वह बीमार हो गया है, इलाज को रुपए खाते में जमा कराओ। यह ऑनलाइन ठगी करने वालों ने नया तरीका खोजा है। अब ठग फोन पर उन परिवारों से संपर्क करते हैं, जिनके परिजन जेल में बंद हैं। खुद को जेलर बताकर ठग बंदी की तबियत खराब होने के नाम पर इलाज को खाते में रुपए जमा कराने को कहते हैं। पांच ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। पुलिस व जेल अधिकारी ऐसे ठगों की तलाश में जुटे हैं।

मऊ थाना क्षेत्र के खंडेहा गांव के रवि कुमार ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि उसका भाई रोहित एक मामले में जेल में बंद है। सोमवार को उनके नंबर पर फोन आया कि जेलर सुनील सैनी बोल रहे हैं। भाई रोहित जेल में गिरकर घायल हो गया है। उसे रक्त देने की जरूरत है। ऐसे में इलाज को उसके खाते में 13 हजार 700 रुपए जमा करा दें। भाई के इलाज को उन्होंने बताए खाता नंबर पर दो किश्त में रुपए जमा कराए। बुधवार को जेल जाकर भाई का हाल जानने का प्रयास किया तो पता चला कि वह बिलकुल स्वस्थ है। जेल से किसी ने भी फोन कर रुपए नहीं मांगे थे।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने जेल अधिकारियों से जानकारी मांगी है। सर्विलांस से फ्रॉड करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराने का भरोसा दिया है। उधर, जेल अधीक्षक शशांक पांडेय ने बताया कि जेल में सुनील नाम का कोई जेलर नहीं है। उनके यहां से कोई फोन नहीं किया गया है। यह आनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का काम है। ऐसे किसी मामले के सामने आने पर बंदी के परिजन जेल आकर खुद बंदी व अधिकारियों से जानकारी ले सकते हैं। इस तरह के पांच और मामले सामने आ चुके हैं। पुलिस व जेल विभाग जांच करा रहा है।

# एसपी के निर्देश पर चार पर गुण्डा एक्ट से मची खलबली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधों में अंकुश लगाने को जारी अभियान में पुलिस ने चार लोगों पर थ्री यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में हलचल मची है। गुरुवार को कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी ने भोलीभाली जनता में भय आंतक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले अंगद उर्फ योगेश पुत्र बद्री प्रसाद निवासी ठरी के खिलाफ थ्री यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह ने भोलीभाली जनता में भय आंतक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले शिवा उर्फ शिवभजन पुत्र सच्चू कोल निवासी पत्रकार पुरम कोटा कंदेला, चुन्नीलाल उर्फ चुन्नू पुत्र जियालाल निवासी पटेल नगर मानिकपुर, राजकरन उर्फ मंझा कोल पुत्र बुद्धीलाल निवासी नई बस्ती बुरेहकेशरूआ के खिलाफ थ्री यूपी गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

# भारत को 'नाटो प्लस' में शामिल करने के लिए विधेयक लाएगा 'सीनेट इंडिया कॉकस'

**वाशिंगटन**। अमेरिका के वरिष्ठ सांसद मार्क वॉर्नर ने कहा कि वह भारत को 'नाटो प्लस' का हिस्सा बनाने के लिए एक विधेयक पेश करने की योजना बना रहे हैं, जिससे चीन की बढ़ती चुनौतियों के बीच शीर्ष अमेरिकी प्रौद्योगिकी और रक्षा उपकरणों को स्थानांतरित करने में नौकरशाही के स्तर पर पेश आ रही परेशानियों को दूर किया



जा सकेगा। 'उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) प्लस' (वर्तमान में नाटो प्लस 5) एक सुरक्षा व्यवस्था है, जो रक्षा और खुफिया संबंधों को बढ़ावा देने के लिए नाटो और पांच गठबंधन देशों- ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान, इज़राइल व दक्षिण कोरिया को एक साथ लाती है। वॉर्नर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''सीनेट इंडिया कॉकस में मेरे सह-अध्यक्ष सीनेटर (जॉन) कॉर्निन और मैं इस सप्ताह इस विधेयक को एक स्वतंत्र (स्टैंडअलोन) विधेयक और रक्षा प्राधिकरण अधिनियम में संशोधन विधेयक के तौर पर पेश करेंगे, ताकि भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को गति देने में मदद मिले।'' वार्नर ने कहा, ''हम जो प्रस्ताव रख रहे हैं, उसका मकसद तथाकथित नाटो प्लस5 व्यवस्था में भारत को शामिल करना है, जिससे अमेरिका मामूली नौकरशाही हस्तक्षेप के साथ नयी दिल्ली को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति करने में सक्षम हो पाए।'' डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े वार्नर और रिपब्लिकन पार्टी के नेता कॉर्निन 'सीनेट इंडिया कॉकस' के सह-अध्यक्ष हैं। यह कॉकस अमेरिकी सीनेट में एकमात्र देश-विशिष्ट संसदीय कॉकस है।

# पाकिस्तान में पांच माह के बीच ईशनिंदा के 57 मामले दर्ज, क्रिश्चियन लड़के को मौत की सजा

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान में जनवरी से मई 2023 तक कथित ईशनिंदा के कम से कम 57 मामले दर्ज किए गए हैं, यूरेशिया रिव्यू ने बताया कि ऐसे सबसे ज्यादा 28 मामले पंजाब में दर्ज किए गए, जबकि सिंध में 16, खैबर पख्तूनख्वा में 8 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 5 मामले सामने आए हैं। पाकिस्तान में एक क्रिश्चियन लड़के को ईशनिंदा का दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई गई है। लड़के का नाम नौमान मसीह (19) है जिसे इतना कठोर दंड दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नौमान मसीह को पाकिस्तान की एक अदालत ने एक मैसेजिंग ऐप पर ईशनिंदा वाली सामग्री शेयर करने का दोषी माना और मौत की सजा सुनाई। इशके अलावा उस पर 20,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। उसके खिलाफ चार साल पहले शिकायत दर्ज कराई गई थी। नौमान मसीह (19) लाहौर से करीब 400 किलोमीटर दूर बहावलपुर की इस्लामी कॉलोनी का रहने वाला है। पाकिस्तानी पुलिस अधिकारी के मुताबिक, आरोपी को बहावलपुर शहर की जिला और सत्र अदालत ने तब मृत्युदंड की सजा सुनाई, जब अभियोजन पक्ष द्वारा उसके खिलाफ सबूत और गवाह पेश किए गए थे। एक अधिकारी ने कहा, अभियोजकों ने नौमान मसीह के सेलफोन का फॉरेंसिक रिकॉर्ड पेश किया था, जिससे अदालत में ये साबित हुआ कि उसने व्हाट्सएप के जरिए ईशनिंदा वाली सामग्री शेयर की थी। '

# यूएन की चेतावनी- मान्यता चाहिए तो महिलाओं-लड़कियों पर लगे प्रतिबंध हटाए तालिबान सरकार

**यूएन**। अफगानिस्तान के लिए संयुक्त राष्ट्र की दूत रोजा ओटुनबायेवा ने देश के तालिबान शासकों को आगाह किया कि महिलाओं और लड़कियों के शिक्षा हासिल करने तथा उनके काम करने पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटाए बिना उनका देश की वैध सरकार के रूप में अंतरराष्ट्रीय मान्यता पाना 'लगभग असंभव' है। ओटुनबायेवा ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि तालिबान शासकों ने संयुक्त राष्ट्र और उसके 192 अन्य सदस्य देशों से उनकी सरकार को मान्यता देने के लिए कहा है, ''लेकिन साथ ही वे संयुक्त राष्ट्र चार्टर में व्यक्त प्रमुख मूल्यों के खिलाफ काम कर रहे हैं।'

# पेरिस के लेफ्ट बैंक की इमारत में विस्फोट, 30 घायल

**पेरिस**। पेरिस में लेफ्ट बैंक की इमारत में हुए जोरदार धमाके में 30 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार धमाके के बाद इमारत में आग लग गई, जिससे चारों तरफ धुआं फैल गया। प्रत्यदर्शियों के अनुसार आग लगने के बाद कान फाड़ने वाला एक तेज धमाका हुआ था। जानकारी के अनुसार आग बुझाने के लिए लगी 200 दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। पुलिस और प्रशासन को एहतियात के तौर पर आसपास की इमारतों को खाली कराना पड़ा। विस्फोट के कारण का अभी पता नहीं चला सका है। पेरिस के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि धमाका ऐतिहासिक वैल डी ग्रेस सैन्य अस्पताल के पास हुआ, जिसके कारण 5वें एरोनडिसमेंट जिले में विदेशी छात्रों में लोकप्रिय डिजाइन स्कूल का एक इमारत का अगला हिस्सा ढह गया। पेरिस के पुलिस प्रमुख लॉरेंट नुनेज ने बताया कि 30 लोग घायल हुए हैं,



जिनमें सात की हालत नाजुक बनी हुई है। नुनेज ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि कुछ घायलों की हालत गंभीर है। घायलों को बचाने के लिए तलाशी अभियान अभी भी जारी है। एरोनडिसमेंट के मेयर फ्लोरेंस बर्थआउट ने कहा की धमाका बेहद खतरनाक था। आस-पड़ोस की घेराबंदी कर दी गई है और सैकड़ों आपातकालीन कर्मचारियों, पुलिस और सैनिकों ने क्षेत्र को अपने कब्जे में लिया है। अधिकारियों ने कहा कि बचावकर्मी दो लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं, जिनके मलबे में दबे होने की आशंका है। पेरिस के पुलिस प्रमुख लॉरेंट नुनेज ने बाद में कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है।

# 'भारतीय मुस्लिमों को खुद को पीड़ित दिखाना बंद करना चाहिए', सऊदी अरब में बोले जफर सरेशवाला

**जेद्दा**। भारतीय बिजनेसमैन और पूर्व चांसलर जफर सरेशवाला ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि भारतीय मुस्लिमों को पीड़ित मानसिकता से बाहर आना चाहिए और शिक्षा पर फोकस करना चाहिए। खास बात ये है कि जफर सरेशवाला ने सऊदी अरब में ये बातें कही।

मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी के पूर्व चांसलर जफर सरेशवाला ने सऊदी अरब के शहर जेद्दा में एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'भारत में मुस्लिमों के साथ भेदभाव होता है लेकिन यह कुछ तत्वों द्वारा ही किया जाता है। भारतीय मुस्लिमों को भेदभाव को लेकर शिकायतें करने की बजाय शिक्षा पर फोकस करने की जरूरत है। समुदाय हमेशा आंदोलनरत नहीं रह सकता और उसे पीड़ित होने की सोच भी छुटकारा पाने की जरूरत है।'

**'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर करें फोकस'**

जफर सरेशवाला ने कहा कि 'मुस्लिमों को ना सिर्फ शिक्षा



बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और तकनीकी शिक्षा पर फोकस करना चाहिए। सरेशवाला ने कहा कि वह समय गया, जब ग्रेजुएट की डिग्री लेना ही काफी होता था। अब दुनिया आगे बढ़ चुकी है और आपको अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ होने की जरूरत है। अगर आप किसी क्षेत्र में विशेषज्ञ नहीं हैं तो आप अपनी जगह नहीं बना पाओगे।'

**'सिविल सेवाओं में होनी चाहिए भागीदारी'**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय बिजनेसमैन ने जेद्दा में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारतीय मुस्लिमों को सिविल सेवा परीक्षाओं में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'अगर आप रेस में शामिल ही नहीं होंगे तो आप जीतने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं।' सरेशवाला ने कहा कि सिविल सेवाओं में मुस्लिमों की भागीदारी का प्रतिशत बहुत कम है। सरेशवाला ने ये भी कहा कि हमें अपने हिंदू भाई-बहनों से बात करने और उनके सामने अपनी अच्छी इमेज पेश करनी की कोशिश करनी चाहिए, जब तक हम ऐसा नहीं करेंगे, तब तक संघर्ष होता रहेगा। बता दें कि जफर सरेशवाला अहमदाबाद के उद्योगपति हैं और वह पीएम मोदी के करीबी माने जाते हैं। हालांकि एक समय वह पीएम मोदी के कट्टर आलोचकों में से एक थे लेकिन बाद में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद उनके समर्थक बन गए।

# चीन के यिनचुआन में रेस्तरां में जबरदस्त विस्फोट, 31 की मौत, एलपीजी लीक होने के कारण हुआ हादसा

**वाशिंगटन**। चीन के एक रेस्तरां में एलपीजी लीक से हुए जबरदस्त विस्फोट में कम से कम 31 लोगों की मौत की खबर है। घटना चीन के उत्तर पश्चिमी शहर यिनचुआन की है। चीन की सरकार न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि लिक्विड पेट्रोलियम गैस में लीक के चलते विस्फोट हुआ। हादसे में सात लोग घायल हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है।

**ड्रैगन बोट फेस्टिवल के दौरान हुआ हादसा**

यिनचुआन के रिहायशी इलाके में स्थित फुयांग बारबेक्यू रेस्तरां में विस्फोट बुधवार रात करीब नौ बजे हुआ। यिनचुआन, चीन के निंजिया प्रांत की राजधानी



है। बता दें कि चीन में इन दिनों तीन दिन का ड्रैगन बोट फेस्टिवल चल रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोग बाहर निकलते हैं और यार-दोस्तों के साथ पार्टी करते हैं।

**राष्ट्रपति जिनपिंग ने दिए सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने के निर्देश**

घटना की सूचना के बाद दर्जनभर से ज्यादा अग्निशमन विभाग की टीमों ने मौके पर हालात को नियंत्रित किया। जिस रेस्तरां में धमाका हुआ, वह पूरी तरह से तबाह हो गया है। इस रेस्तरां के पास कई अन्य रेस्तरां भी हैं, ऐसे में आग के अन्य रेस्तरां में भी भड़कने का खतरा था लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। घटना के बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने निर्देश दिया कि सभी इंडस्ट्री में सुरक्षा के इंतजाम कड़े किए जाएं।

# पीएम मोदी ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति बाइडन के साथ किया डिनर, एनएसए अजीत डोभाल भी हुए शामिल

**वाशिंगटन**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका दौरे पर हैं। पीएम व्हाइट हाउस पहुंचे। यहां उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात की। इस दौरान अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन भी मौजूद रहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा आयोजित डिनर में पीएम मोदी



शामिल हुए। डिनर में बाजरा और राष्ट्रपति बाइडन के पसंदीदा व्यंजन भी शामिल थे। खाने में राष्ट्रपति का पसंदीदा भोजन भी शामिल

व्हाइट हाउस ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक निजी डिनर की मेजबानी की। डिनर में राष्ट्रपति का पसंदीदा व्यंजन आइसक्रीम और पास्ता भी शामिल था। इस दौरान अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार जेक सुल्वियन और भारतीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल रहे।

**डिनर का यह है मैन्यू**

लेमन डिल योगर्ट सॉस, क्रिस्प्ड मिलेट केक, समर स्कावशेश, मैरिनेटेड मिलेट, ग्रिल्ड कॉर्न कर्नल सलाद, कंप्रेस्ड वाटरमेलन, टैंगी एवाकाडो सॉस, स्टफ्ड पोर्टोबेल्लो मशरूम, क्रीमी सैफरॉन इन्फ्यूस्ड रिसोट्टो, रोज एंड कार्डामोन- इनफ्यूस्ड स्ट्रॉबेरी शॉर्टकेक।

**भारतीय नृत्य का हुआ आयोजन**

राष्ट्रपति जो बाइडन, जिल बाइडन ने पीएम मोदी के साथ संगीत का आनंद लिया, जो भारत के विभिन्न क्षेत्रों को समर्पित थी। धूम स्टूडियो के कलाकारों ने यह प्रस्तुति दी थी, जो एक डीएमवी आधारित समूह है। समूह नई पीढ़ी को भारतीय नृत्य के जीवंत संस्कृति से जोड़ने का प्रयास करता है।

**इन्होंने तैयार किया है मैन्यू**

अमेरिकी प्रथम महिला जिल बाइडन ने गेस्ट शेफ नीना कुर्टिस के साथ डिनर की तैयारियों में हाथ बंटाया। प्रधानमंत्री के लिए व्हाइट हाउस के कार्यकारी शेफ क्रिस कॉमर फोर्ड और व्हाइट हाउस के कार्यकारी पेस्ट्री शेफ सूसी मॉरिसन ने डिनर का मैन्यू तैयार किया है।

# इल्हान उमर के नफरती एजेंडे को भारतीय मुस्लिम नेता का करारा जवाब, कहा- जहर उगलना बंद करो

**वाशिंगटन**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर हैं। अमेरिका में पीएम मोदी वहां की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित भी करेंगे। अमेरिका की दो सांसदों ने भारत में अल्पसंख्यकों के शोषण का आरोप लगाते हुए पीएम मोदी के संसद में दिए जाने वाले संबोधन का बहिष्कार करने का एलान किया है। अब भारत के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और मुस्लिम नेता आतिफ रशीद ने पीएम मोदी के संबोधन का बहिष्कार करने वाली सांसदों को करारा जवाब दिया है।

**क्या बोले भारतीय नेता**

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष आतिफ रशीद ने अक्सर भारत के खिलाफ जहर उगलने वाली अमेरिकी सांसद इल्हान उमर के ट्वीट पर जवाब देते हुए लिखा कि 'मैं भारत के अल्पसंख्यक वर्ग से आता हूं लेकिन मैं नरेंद्र मोदी के भारत में पूरी धार्मिक आजादी और धार्मिक पहचान के साथ आजादी



से रहता हूं। मेरे पास भी सभी संसाधनों के समान अधिकार हैं, मैं जो बोलना चाहता हूं, वो बोल सकता हूं और जो लिखना चाहता हूं लिख सकता हूं। आप अपने नफरती एजेंडे के तहत भारत की गलत तस्वीर दिखा रही हैं। अपने मुंह से जहर उगलना बंद करिए।'

**क्या था इल्हान उमर का बयान**– इल्हान उमर ने ट्वीट करते हुए लिखा था कि 'प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में धार्मिक अल्पसंख्यकों को दबाया जाता है। हिंसक हिंदू राष्ट्रवादी समूहों का हौसला बढ़ाया जाता है और पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जाता है। मैं मोदी के भाषण में शामिल नहीं होऊंगी।'

अमेरिका की एक और सांसद रशिदा तलैब ने भी पीएम मोदी के भाषण का बहिष्कार करने का एलान किया है। रशिदा ने लिखा कि 'यह बेहद शर्मनाक है कि मोदी को हमारी राष्ट्रीय राजधानी में मंच दिया जा रहा है जबकि उनका मानवाधिकारों के उत्पीड़न का लंबा इतिहास है। मुस्लिमों और धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाना और मीडिया को सेंसर करना अस्वीकार्य है। मैं मोदी के संयुक्त सत्र के संबोधन का बहिष्कार करूंगी।'

# पाकिस्तान में उच्च शिक्षा आयोग ने विश्वविद्यालय के होली की इजाजत देने पर आपत्ति जताई

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय द्वारा हिंदू पर्व होली मनाने पर आपत्ति जताते हुए उच्च शिक्षा आयोग ने देश की इस्लामी पहचान के क्षरण पर चिंता व्यक्त की है। पाकिस्तान के उच्च शिक्षा आयोग (एचईसी) ने विश्वविद्यालयों से कहा है कि वे इस तरह की सभी गतिविधियों से ÷विवेकपूर्ण तरीके से दूरी÷ बनाएं। आयोगके कार्यकारी निदेशक शाइस्ता सोहेल ने शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों को मंगलवार को जारी अपने पत्र में एचईसी ने कहा कि इस आयोजन



से ÷चिंता पैदा हुई और देश की छवि को नुकसान पहुंचा'।पत्र में लिखा गया है, 'दुर्भाग्य से, ऐसी गतिविधियों को देखना दुखद है जो हमारे सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों से पूरी तरह से अलग हैं और देश की इस्लामी पहचान के क्षरण को दर्शाती हैं।' इसमें कहा गया, ÷ऐसा ही एक उदाहरण जिसने चिंता पैदा की है, वह है हिंदू त्योहार होली मनाने में प्रदर्शित उत्साह... एक विश्वविद्यालय के मंच से व्यापक रूप से प्रचारित घटना ने चिंता पैदा की है और देश की छवि को नुकसान पहुंचाया है।'

आठ मार्च के कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया में प्रसारित हो रहा है जिसमें विद्यार्थियों को नाचते और हवा में रंग उड़ाते हुए देखा जा सकता है तथा वीडियो में तेज संगीत की आवाज भी आ रही है।

पत्र में कहा गया, 'इस तथ्य से हालांकि इनकार नहीं किया जा सकता है कि सांस्कृतिक, जातीय और धार्मिक विविधता एक समावेशी और सहिष्णु समाज की ओर ले जाती है, जो सभी धर्मों और पंथों का गहराई से सम्मान करता है। यद्यपि ऐसा नपे-तुले ढंग से करने की आवश्यकता है...।' आयोग ने पत्र में कहा कि छात्रों को निहित स्वार्थों के बारे में जागरूक होने की आवश्यकता है।

# डूरंड लाइन सिर्फ एक रेखा, टीटीपी पर झूठ बोल रहा पाकिस्तान, तालिबान की शहबाज सरकार को दो टूक

**काबुल**। तालिबान प्रशासन के रक्षा मंत्री मौलवी मुहम्मद याकूब मुजाहिद ने कहा है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच की सीमा, जिसे डूरंड रेखा कहा जाता है केवल एक 'रेखा' है। तालिबान के संस्थापक मुल्ला मुहम्मद उमर मुजाहिद के बेटे मुजाहिद ने काबुल में टोलो न्यूज को एक वीडियो साक्षात्कार में बताया कि जब लोग चाहेंगे तो अफगानिस्तान इस्लामाबाद के साथ इस मामले को उठाएगा। उन्होंने कहा कि तालिबान पाकिस्तान से लगी सीमा का मुद्दा नहीं उठा रहा है क्योंकि अफगानिस्तान के लोग अन्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

द इंडिपेंडेंट उर्दू अखबार द्वारा टोलो प्रसारण की सूचना दी गई थी। डुरंड लाइन से तालिबान प्रशासन द्वारा तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सदस्यों के स्थानांतरण पर हो रही चर्चाओं



के आलोक में मुजाहिद के विचार महत्वपूर्ण हैं। डूरंड लाइन, वास्तव में सीमा, तालिबान या अफगानिस्तान में पिछले लोकतांत्रिक-शासनों द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है। तालिबान नेता ने पाकिस्तानी तालिबान का बचाव करते हुए कहा कि अगर टीटीपी अफगानिस्तान में स्थित है तो वह सीमा पर पाकिस्तानी सुरक्षा चौकियों पर हमला करेगा। इसके बजाय, टीटीपी इस्लामाबाद सहित पाकिस्तान के अंदर के शहरों पर हमला कर रहा है। खराब सुरक्षा के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराते हुए मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान टीटीपी के खिलाफ अपना बचाव करने में असमर्थ है, इसलिए वह अफगानिस्तान को दोष देता है।पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान के संबंधों के बारे में मुजाहिद ने कहा कि उसके पूर्वी पड़ोसी को एक स्वतंत्र और व्यवस्थित अफगानिस्तान अबाद अफगानिस्तान के बारे में सोचना चाहिए, जैसा कि उन्होंने इसका वर्णन किया और कहा कि यह पाकिस्तान के हित में भी होगा। टोलो को दिए साक्षात्कार में मुजाहिद ने अमेरिका पर ड्रोन के जरिए उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने अमेरिका को अफगान हवाई क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने की इजाजत देने के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया।

तालिबान के रक्षा मंत्री एक अमेरिकी ड्रोन द्वारा अल-कायदा प्रमुख अयमान अल-जवाहिरी की हत्या पर इशारा कर रहे थे - एक ऐसा कार्य जिसने तालिबान द्वारा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हस्ताक्षरित दोहा समझौते का उल्लंघन किया जिसने अमेरिका की वापसी का मार्ग प्रशस्त किया। और अफगानिस्तान से नाटो सेना।

# माइक्रोन गुजरात में लगाएगी 2.75 अरब डॉलर का सेमीकंडक्टर संयंत्र

**नई दिल्ली**। कंप्यूटर चिप बनाने वाली कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने बड़ा ऐलान किया है। अमेरिकी चिप कंपनी माइक्रोन ने कहा कि गुजरात में अपना सेमीकंडक्टर असेंबली एवं परीक्षण संयंत्र लगाएगी। इस पर कुल 2.75 अरब डॉलर (22,540 करोड़ रुपये) का निवेश होगा।

माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि कंपनी गुजरात में सेमीकंडक्टर असेंबली एवं परीक्षण संयंत्र लगाएगी। कंपनी ने कहा कि दो चरणों में विकसित किए जाने वाले इस संयंत्र पर वह अपनी ओर से 82.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी जबकि बाकी राशि का निवेश केंद्र एवं राज्य सरकारों की तरफ से किया जाएगा। अमेरिकी कंपनी ने बताया कि भारत सरकार की संवर्द्धित असेंबली, परीक्षण, मार्किंग एवं पैकेजिंग (एटीएमपी) योजना के तहत इस संयंत्र को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार परियोजना की कुल लागत के 50 फीसदी हिस्से का वित्तीय समर्थन देगी जबकि 20 प्रतिशत राशि गुजरात सरकार की तरफ से दी जाएगी।

माइक्रोन के मुताबिक ह्यगुजरात में इस असेंबली एवं परीक्षण संयंत्र का चरणबद्ध निर्माण इसी साल 2023 में शुरू होने की उम्मीद है। पहले चरण में पांच लाख वर्ग फुट क्षेत्र विकसित किया जाएगा और साल 2024 के अंत तक इसका परिचालन शुरू हो जाएगा। इस संयंत्र की स्थापना से करीब 5 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार का अवसर मिलेगा जबकि 15 हजार लोगों को अगले कई साल तक परोक्ष रोजगार मिलता रहेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका के राजकीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री इस दौरान वाशिंगटन डीसी में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजय मेहरोत्रा से मुलाकात की।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।